श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 161, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 10 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# जल प्रलय जैसे हालात....

## हिमाचल प्रदेश में बीते 3 दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त



### लाहौल स्पीति में 200 लोग फंसे, 6 एनएच समेत 800 सड़कें बंद, 2 दिन स्कूलों में छुट्टी



- हिमाचल प्रदेश में दो दिन के श्रीखंड महादेव यात्रा रोकी गई
- तीन दिन के बाद पहलगाम रूट पर अमरनाथ यात्रा शुरू
- दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही
- मोहाली में बाढ़ जैसे हालात पर एनडीआरएफ टीम बुलाई गई
- चंडीगढ़ में सुखना लेक का वाटर लेवल बढ़ा, बांध खोला गया
- हिमाचल प्रदेश में दो दिन के लिए स्कूल-कॉलेज बंद किए गए
- पंजाब के रोपड़ जिले में सभी स्कूलों में सोमवार को छुट्टी रहेगी
- अमित शाह ने दिल्ली और ख-ड के उपराज्यपाल से हालात का जायजा लिया
- दिल्ली में कल बंद रहेंगे सभी स्कूल, सीएम केजरीवाल ने फैसला लिया

**मंडी/नई दिल्ली/पंजाब: हिमाचल प्रदेश में बीते 3** दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और भूस्खलन सहित अन्य घटनाओं में बीती रात से अब तक 7 लोगों की जान चल गई है। राज्य में भारी वर्षा से जुड़ी अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में जारी भारी से अति भारी वर्षा के कारण जहां सार्वजनिक और निजी संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर दर्जनों सडके बंद हो गई हैं और सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित है। भारी वर्षा के कारण राज्य के सभी नदी-नाले उफान पर हैं। मंडी में पंडोह डैम के फ्लड गेट खोल दिए जाने के चलते मंडी शहर में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं और ब्यास नदी का जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंच गया है। शिमला जिला की उप तहसील कोटगढ़ की मधावनी पंचायत के पानेवली गांव में हुए भूस्खलन की चपेट में आ जाने से एक दंपत्ति और उनके बच्चे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अनिल 32, उनकी पत्नी किरण 31 और बेटे स्वप्निल 11 की मौत हो गई। इस घटना में जयचंद और उनकी पत्नी वीना देवी घायल हो गए। खराब मौसम के कारण श्रीखंड महादेव यात्रा मार्ग पर ग्लेशियर पर फिसलने से भी एक श्रद्धालु की मौत हो गई है जबकि 2 अन्य लापता हैं। ये घटना श्रीखंड महादेव यात्रा पर चढ़ाई के दौरान हुई। रेस्क्यू टीम ने एक शव बरामद कर दिया है, जबकि 2 अन्य को ढूंढने के प्रयास जारी हैं। आनी के डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने कहा कि खराब मौसम के कारण सर्च ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं। खराब मौसम को देखते हुए श्रीखंड महादेव यात्रा को 2 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। किन्नौर जिला में भी भारी वर्षा और भूस्खलन के दृष्टिगत किन्नर कैलाश ट्रैकिंग यात्रा को जिला प्रशासन ने स्थगित कर दिया है। उधर चंबा जिला के ककींया नामक स्थान पर हुए भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान किशोरी लाल के रूप में हुई है। वह धलेई गांव का रहने वाला था। जिले में हो रही भारी वर्षा के कारण सभी नदी-नाले उफान पर हैं और जिला प्रशासन ने लोगों को जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है। जिले के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की भी सूचना है। जिले का चंबा तीसा मार्ग भी भारी भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर बंद हो गया है। इससे क्षेत्र की 55 पंचायतों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। इधर मंडी-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण पंडोह के पास 6 मील नामक स्थान पर अवरूद्ध हो गया है। इस सडक पर यातायात बहाल करने के लिए मशीनरी मौके पर तैनात कर दी गई है और सडक के दोपहर बाद तक यातायात के लिए खुलने की उम्मीद है। मंडी से कटौला होकर कुल्लू जाने वाला वैकल्पिक मार्ग भी कमांद के पास घोड़ा फार्म नामक स्थान पर भूस्खलन के कारण अवरूद्ध हो गया है। पंडोह डैम के फ्लड गेट खोल दिए जाने के चलते मंडी शहर में ब्यास नदी खतरे के निशान तक पहुंच गई है। पंडोह डैम से एक लाख क्यूसिक पानी इसमें छोड़ा जा रहा है। ब्यास नदी का जलस्तर बढने से पंडोह में भी कई रिहायशी इलाकों में पानी भर गया है और कई गाडियां तथा घर पानी में डूब गए हैं। ऐसे में लोगों को बाढ़ जैसे हालात का सामना करना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति जिला में भी भारी बारिश हो रही है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने जिले में अचानक बाढ़ आने और हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी की है। जिले के लोसर गांव सहित आस-पास की पहाडियों पर सुबह से ही हिमपात हो रहा है। इससे जिले में गर्मियों में भी लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। जिले की ग्राम्फू.काजा सडक छोटा दड़ा के पास कई स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण अवरूद्ध हो गई है। इस सडक पर स्पिति से मनाली की ओर आ रहा कॉलेज के 30 विद्यार्थियों का एक दल फंस गया थाए जिसे लाहौल-स्पिति जिला प्रशासन ने सुरक्षित निकाल लिया है। लाहौल-स्पिति आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार ये सभी विद्यार्थी सुरक्षित हैं। कुल्लू में ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ जाने के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन ने ब्यास नदी के जलस्तर में वृद्धि और पहाड़ों से हो रहे भूस्खलन तथा पत्थर गिरने के दृष्टिगत कुल्लू से मंडी और कुल्लू से मनाली के बीच यातायात को पूरी तरह से रोक दिया है। मनाली से अटल टनल होते हुए लाहौल के लिए भी यातायात को बंद कर दिया है क्योंकि इस सडक पर भी पहाड़ों से पत्थर गिर रहे हैं। कुल्लू में ब्यास नदी के जलस्तर में हुई वृद्धि के चलते कुल्लू में पार्किंग में खड़ी एक कार ब्यास नदी की तेज धारा में बह गई। भारी वर्षा के चलते सतलुज नदी के जलस्तर में तेज वृद्धि हो रही है। इससे नदी में गाद का स्तर बढ़ गया है। इसे देखते हुए सतलुज जल विद्युत निगम ने 1500 मैगावॉट की नाथपा झाकड़ी परियोजना को बंद कर दिया है जिस कारण उत्तर भारत में बिजली का संकट बढ़ जाने कक आशंका है। निगम प्रबंधन ने कहा है कि जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए नाथपा बांध से 1500 क्यूमैक्स पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि होगी। निगम ने सतलुज नदी के किनारे रहने वाले सभी लोगों को सचेत रहने और नदी के किनारे न जाने की सलाह दी है। शिमला-परवाणु सडक भी कई स्थानों पर भूस्खलन से प्रभावित हुई है और यातायात में बाधा आ रही है। पर्यटन व रेलवे पुलिस के मुताबिक भूस्खलन के चलते शिमला-कालका रेल लाइन पर आज के दिन के लिए सभी रेल सेवाएं बंद कर दी गई हैं। सिरमौर जिला के राजगढ़ क्षेत्र में बीते 48 घंटों से हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। क्षेत्र में सभी नदी-नाले उफान पर हैं और अब बारिश फलों व सब्जियों के लिए नुकसानदेह हो सकती हैं, क्योंकि सड? रोग का खतरा बढ़ गया है।

## हरियाणा में आप का बिजली आंदोलन शुरू



**चंडीगढ़: हरियाणा** में आम आदमी पार्टी (आप) ने बिजली आंदोलन शुरू कर दिया है। रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ पंचकूला में इसकी शुरूआत की। इस मौके केजरीवाल ने कहा कि पंजाब और दिल्ली में फ्री बिजली मिल रही है तो हरियाणा के लोगों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी चुनाव से पहले बिजली के मुद्दे पर लड़े थे, परिणाम आपके सामने है। पंजाब में भी बिजली आंदोलन के साथ ही चुनाव लड़ा और मान साहब की सरकार बनाई। कार्यकर्ताओं से केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली, पंजाब के बाद हरियाणा में भी इसी फामूर्ले के साथ चुनाव लड़ा जाएगा।

दिल्ली का दिया उदाहरण: अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने शीला दीक्षित की सरकार के खिलाफ बिजली को लेकर आंदोलन किया। लोगों ने चुनाव में जिता दिया और 49 दिन की सरकार बन गई। इतने दिनों में ही हमने बिल जीरो कर दिया। इकसे बाद 67 सीटें आ गईं। सरकार बन गई। आज हम दिल्ली के साथ बिजली के मुद्दे को लेकर पंजाब में भी सरकार बना चुके हैं। अब हरियाणा की बारी है।

8 घंटे के लगते हैं बिजली कट: केजरीवाल ने कहा कि मैं खुद हरियाणा का रहने वाला हूं। मेरे रिश्तेदार, दोस्त-यार यहीं के हैं। ये लोग मुझसे मिलने के लिए दिल्ली आते रहते हैं। वह बताते हैं कि हरियाणा में बिजली की बहुत समस्या है। बिजली के पावर कट लगते हैं। कोई कहता है कि छह घंटे के लगते हैं। कोई कहता है आठ घंटे लगते हैं। बीजेपी के एक नेता ने अभी ट्वीट किया है कि गुरुग्राम में आठ घंटे के कट लगते हैं। f

## हिमाचल में खराब मौसम से उपजे हालातों पर केंद्र की पूरी नजर : अनुराग



**शिमला। केंद्रीय** सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश व बाढ़ से बनी परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल से फोन पर बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया तथा केंद्र सरकार द्वारा हालातों पर बारीकी से नजर रखे जाने की बात कही। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश को भौगोलिक जटिलता और मौसम के बदलाव के समय विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से जूझना पड़ता है। पिछले कुछ दिनों से हिमाचल में भारी बारिश के चलते बाढ़ व भूस्खलन देखने को मिल रहा है। भारी बारिश के चलते हो रहे जान-माल के नुकसान की घटनाएं दुःखद हैं। स्थानीय प्रशासन पूरी तत्परता के साथ राहत व बचाव कार्यों में लगा है जिसमें जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है। मैंने मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू जी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल से बारिश और बाढ़ से बनी परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए कई बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की है।

## एफटीए वार्ता के लिए ब्रिटेन का दौरा करेंगे पीयूष गोयल



**नई दिल्ली। केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भारत ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए 10 से 12 जुलाई तक ब्रिटेन के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) की प्रगति पर चर्चा करने के लिए यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों के मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे। यात्रा के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ब्रिटेन के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ उच्चस्तरीय बैठकों में भाग लेंगे, जिसमें अंतरराष्ट्रीय व्यापार राज्य सचिव के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। ये बैठकें व्यापार बाधाओं को दूर करने, निवेश को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी, नवोन्मेषण और बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे क्षेत्रों में अधिक सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ एफटीए वार्ता की प्रमुख प्राथमिकताओं और उद्देश्यों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेंगी। इसके अतिरिक्त गोयल ईएफटीए के साथ टीईपीए की चल रही वार्ता में हुई प्रगति का आकलन करने के लिए ईएफटीए सदस्य देशों (स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन) के मंत्रियों और अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। टीईपीए का लक्ष्य भारत और ईएफटीए सदस्य देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, निवेश बढ़ाने, व्यापार बाधाओं को कम करने और अधिक बाजार पहुंच के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देना है।

## पाक ने दी वर्ल्ड कप के बायकॉट की धमकी



**इस्लामाबाद: भारत** में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के पार्टिसिपेशन पर संशय बरकरार है। पाकिस्तान के खेल मंत्री एहसान मजारी ने कहा- मैं चाहता हूं कि भारत भी एशिया कप मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की मांग को छोड़े वरना हम भी वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भारत नहीं जाएंगे। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल 27 जून को वर्ल्ड कप के लिए शेड्यूल जारी कर चुका है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। इसके अलावा पाकिस्तान को अपने लीग के 8 मैच चार शहरों हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में खेलना हैं।

मजारी 14 सदस्यीय सिक्योरिटी टीम का हिस्सा: मजारी ने कहा- प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

## बहुमत की सरकार को एनसीपी को तोड़ने की जरूरत ही नहीं थी: उद्धव



**मुंबई। शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में बहुमत की सरकार थी, उसे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को तोड़ने की जरूरत ही नहीं थी। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब उनकी तीन दलों की सरकार थी, तब उसे तिपहिया सरकार कहा जाता था और अब यह त्रिशूल सरकार बन गई है।

उद्धव ठाकरे रविवार को यवतमाल जिले में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब पार्टी तोड़ने, पार्टी चुराने का फैशन हो गया है। अब सरकार मतपेटी से नहीं रुपयों की पेटी से बनने लगी है। इस स्थिति को बदलना जरूरी है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राकांपा को नेशनल करप्ट पार्टी बताया था। प्रधानमंत्री ने ही राकांपा नेता पर 70 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया था और उसी नेता के साथ प्रधानमंत्री का फोटो लगाया जा रहा है। इससे पहले शिवसेना की भावना गवली को प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीम गिरफ्तार करने के लिए तलाश रही थी। जब भावना गवली ने शिवसेना छोड़ दिया तो ईडी की टीम ने कार्रवाई ही रोक दी और प्रधानमंत्री ने उसी भावना गवली से राखी बंधवाया। यह स्थिति देश के लिए बहुत ही घातक है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन पर घर पर बैठकर सरकार चलाने का आरोप लगाया जा रहा है। मैंने भले ही घर पर बैठकर सरकार चलाया, लेकिन मेरा नेतृत्व आप नहीं तय कर सकते। नेतृत्व जनता तय करेगी। उद्धव ठाकरे ने कहा उनपर कांग्रेस, राकांपा के साथ मिलकर सरकार बनाने का आरोप लगाया जा रहा है।

### वैश्विक स्तर के इस कुंभ में खेतीबाड़ी से संबंधित हर अत्याधुनिक तकनीक का होगा प्रदर्शन

## उप्र: नवम्बर में होगा योगी सरकार-02 का पहला कृषि कुम्भ



**लखनऊ: जमाना** तकनीक का है। कृषि क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं। देश-दुनिया और खेतीबाड़ी से जुड़ी संस्थाओं द्वारा विकसित अद्यतन तकनीक एवं नवाचार किसानों की जरूरत है। इसी के लिए बहुत पहले ह्यलैब टू लैंडह्न का नारा दिया गया था। इसी नारे को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नवम्बर में कृषि कुम्भ का आयोजन करने जा रही है। लखनऊ में प्रस्तावित कृषि कुम्भ का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं। योगी सरकार-02 का यह पहला कृषि कुम्भ है। इसके पहले योगी सरकार-01 में 2018 में 25 से 28 अक्टूबर तक पहली बार प्रदेश में कृषि कुम्भ का आयोजन लखनऊ स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में किया गया था। इस बार भी आयोजन स्थल वही होगा। कृषि कुम्भ किसानों के साथ खेतीबाड़ी को केंद्र में रखकर उपकरण बनाने वाली कंपनियों के लिए भी एक बेहतरीन अवसर साबित होगा। इनको अपनी तकनीकों एवं उत्पादों के जीवंत प्रदर्शन एवं सक्षम क्रेताओं के समक्ष प्रचार-प्रसार का अवसर मिलेगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि अंतराष्ट्रीय कृषि कुम्भ के जरिए प्रदेश के किसान वैश्विक स्तर की तकनीक से वाकिफ होंगे। इनमें से कुछ प्रगतिशील एवं नवाचारी किसान इनका प्रयोग करेंगे। इनको देखकर आसपास के किसान भी इससे प्रेरणा लेंगे। ऐसा होने पर किसानों की आय बढ़ेगी। वह खुशहाल होंगे। लगातार यही प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और हम सबकी मंशा भी है। यही आयोजन का उद्देश्य भी है।

कृषि के साथ खेतीबाड़ी से जुड़े सभी विभाग अपनी सभी योजनाओं के साथ स्टाल लगाएंगे। साथ ही खेतीबाड़ी की बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्यों का जीवंत डिमांस्ट्रेशन भी देंगे।

## अगर शरद पवार कांग्रेस में आए तो स्वागत : पृथ्वीराज



**मुंबई। पूर्व** मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने रविवार को कहा कि अगर शरद पवार वापस कांग्रेस पार्टी में आते हैं तो उनका स्वागत किया जाएगा। चव्हाण ने कहा कि शरद पवार को तत्काल संसदीय बोर्ड में सम्मानजनक जगह दी जा सकती है। हालांकि यह सब शरद पवार की सहमति के बाद ही संभव है।

पृथ्वीराज चव्हाण ने रविवार को मीडिया को बताया कि एक वर्ष पहले जो कुछ शिवसेना के साथ हुआ, उसी की पुनरावृत्ति राकांपा के साथ हुआ है। शरद पवार ने कांग्रेस से निकल कर जिस पार्टी को बनाया था, उसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। इन हालातों के बाद कांग्रेस पार्टी की ताकत बढ़ने वाली है। देश में द्विपक्षीय व्यवस्था अस्तित्व में आएगा और चुनाव इन दोनों दलों के बीच ही होगा। शरद पवार कांग्रेस में आकर इसे मजबूती देंगे। दरअसल, अजीत पवार राकांपा के 40 विधायकों के साथ शिंदे-फडणवीस सरकार में शामिल हो गए हैं। इसके बाद शरद पवार के पास अब नाम के विधायक बचे हैं। साथ ही, अजीत पवार ने शरद पवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से भी हटा दिया है।







# शंकरगढ़ में तालाब पर बने मकानों पर चला बुलडोजर

## एसडीएम, तहसीलदार की अगुवाई में गुड़िया तालाब पर बने 17 मकानों पर हुई कार्रवाई, यमुनानगर के कई थानों की पुलिस फोर्स रही मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के गुड़िया तालाब भूखंड पर अवैध रूप से बनाए गए 17 मकानों पर तहसील प्रशासन ने रविवार को बुलडोजर चलवा दिया। तालाबी रकबे में अभी भी कई मकान बने हुए हैं। जिससे इन मकान मालिकों की सांसे अटकी हुई है और तो और कुल अवैध तरीके से बनाए गए कुल 177 मकानों में 24 ऐसे मकान है, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए हैं। ध्वस्तीकरण की यह कार्रवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश के बाद की गई है। जिन 17 मकानों को ध्वस्त किया गया है, उन 16 मकान मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए शंकरगढ़ थाने में एप्लीकेशन भी दी गई है। लंबे इंतजार के बाद रविवार को प्राचीन गुड़िया तालाब पर किया गया कब्जा हटवाया गया। अदालत के आदेश पर एसडीएम बारा अब्दुल्ला सुदन की मौजूदगी में गुड़िया तालाब की जमीन पर बने 17 मकानों को ढहाया गया। अवैध कब्जे का यह मामला काफी दिनों से लंबित चल रहा था। नगर पंचायत शंकरगढ़ के ऐतिहासिक महत्व वाले गुड़िया तालाब पर की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए तहसीलदार संगीता पांडेय ने बताया कि गुडिया तालाब के आसपास सरकारी भूमि पर काफी समय से लोगों ने कब्जा जमा रखा था, जिसमें दर्जनों लोग आबाद हैं।रविवार को न्यायालय के आदेश पर 17 लोगों को चिह्नित कर उनका मकान जेसीबी से गिराया गया। तहसीलदार बारा संगीता पांडेय ने बताया कि आज 16 लोगों का मकान गिराया जा रहा है। अभी और लोगों को चिह्नित किया जाएगा। जिन्होंने भी कब्जा किया होगा, उसे खाली कराया जाएगा। इस कार्रवाई में विजय कुमार शुक्ल के दो मकान, के अलावा नारायणदीन सोनी, शमशेर, वारिस अली, मनोरमा देवी, रामू, कुंती कुमारी, शंकरलाल सोनी, निर्मला, संतोष देवी, सीमा, कमलेश विश्वकर्मा, सुशीला, संगीता, श्रीनाथ गोस्वामी और गिरधारी लाल का एक-एक मकान जमींदोज किया गया।लेखपाल जितेंद्र कुमार का कहना है कि हमारे संज्ञान में कुल 145 लोगों के द्वारा कब्जा किए जाने की जानकारी है। आज 17 लोगों को बेदखल किए जाने का आदेश मिला था। उन्होंने बताया कि ढहाए गए आवासों में प्रधानमंत्री आवासों के होने की जानकारी नहीं है। रविवार को कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए यमुनापार के शंकरगढ़, बारा, लालापुर, कौंधियारा, औद्योगिक क्षेत्र थाना की पुलिस फोर्स डटी रही। पूरी कार्रवाई एसडीएम बारा अब्दुल्ला सुदन, तहसीलदार संगीता पांडेय, एनटी प्रिया सिंह, राकेश यादव, एसओ मनोज कुमार सिंह,उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार सचान, लेखपाल गंगा प्रसाद, लेखपाल जितेंद्र कुमार की मौजूदगी में संपन्न करवाई गई।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत एक घायल

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के नौड़िया तरहार गांव के किसान रमेश भारतीय 45 पुत्र संपत लाल गांव के बगीचे में जामुन तोड़ रहे थे। लगभग चार बजे अचानक बारिश शुरू हो गयी तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रमेश भारतीय उर्फ लाला 45 वर्ष आ गया। वहीं पेड़ के पास मौजूद दीनानाथ पुत्र राज बाबू साहू भी चपेट में आ गये। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान जाह्नवी शुक्ला को दी तो तत्काल प्रधानपति सूरज शुक्ला उपचार के लिए दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र ले गये। जहां के डाक्टरों ने रमेश को मृत घोषित कर दिया। आकाशीय बिजली गिरने की

### दस बच्चों संग पत्नी नासिक में रहती है

सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष लालापुर अजय मिश्र ने बताया की शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उपजिलाधिकारी बारा सुदन अब्दुल्लाह ने बताया की राजस्व टीम भेज कर घटना की जानकारी ली गई है। मृतक के परिजन को हर संभव सरकारी मदत दिलाई जाएगी। मृतक रमेश के दस बच्चे हैं। सात लड़की और तीन लड़के है। जिसमें एक बड़ी लड़की की शादी भी हो गई है जो इस समय बच्चों संग पत्नी नासिक में है मृतक के पास गाँव में रहने के लिये पक्की छत भी नहीं है। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



# सुजावन देव के संरक्षण के बिना पर्यटन विकास का मकसद अधूरा : डॉ पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** यमुनापार के पश्चिमांचल में घूरपुर के समीप यमुना नदी में स्थित लगभग साढ़े 700 से अधिक वर्ष पुराने अति प्राचीन सुजावन देव मंदिर का वर्तमान जर्जर होकर अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रति वर्ष यम द्वितीया के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय विशाल मेले में लाखों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक के लिए आते हैं।अपने आप में अतीत की मौलिकता को समेटे बहुसंख्यक लोगों की आस्था का केंद्र सुजावन देव मंदिर के संरक्षण के बिना पर्यटन विकास का सपना और मकसद अधूरा रहेगा। यह बातें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर मंदिर के संरक्षण संबंधी ज्ञापन सौंपने के उपरांत जागृति मिशन के संरक्षक डॉ.भगवत पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि यमुना नदी के पूर्वी पाट के समीप नदी में स्थित मंदिर अति प्राचीन मान्यताओं को समेटे हुए है। इसके पास अंधाधुंध बालू खनन के चलते लगभग 60 फुट ऊंचे टीले पर स्थित मंदिर के आसपास का भूतल और सीढ़ियां जर्जर हो चुकी हैं। प्रतिवर्ष नदी में बाढ़ आने से कटान होने के चलते पत्थरों का टीला भी खिसकता जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर तक पहुंचने का रास्ता भी ठीक नहीं है।यदि नमामि गंगे परियोजना से जोड़कर बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंदिर के चारों ओर ऊंचा बांध बना दिया जाए तो इसके अस्तित्व को



मंदिर को संरक्षित रखा जा सकेगा, अन्यथा कुछ वर्षों में जीर्ण-शीर्ण होकर नदी में समाहित हो सकता है। मिशन के लोगों ने गुहार लगाते हुए कहा कि मंदिर के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से ऊंचा टीला बना दिये जाने से उक्त मंदिर के पास यमुना नदी में बाढ़ के दिनों में कटान कम होगी और मंदिर को संरक्षित किया जा सकता है। मिशन के लोगों द्वारा सुजावन देव के संरक्षण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने भी इसे जरूरी माना और अपने स्तर से सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा काशीक्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता,महामंत्री राजेश शुक्ला,जिला मंत्री विनोद प्रजापति, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सोमेश्वर महादेव मंदिर पर स्वच्छता चलाया गया अभियान





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में रविवार को नैनी अरैल स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी शुभेंदु घोष के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य हैं, सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों एवं गंगा तटों पर स्वच्छता रखना सभी का कर्तव्य होना चाहिए। आज प्रत्येक क्षेत्रों में संस्थान बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सहयोगी बनकर हर वर्ग के लोगों की सहायता में तत्पर हैं। इसीलिए निरंतर हम प्रगति के पथ पर अग्रसर है। अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं वरिष्ठ सलाहकार श्याम नारायण पाठक ने कहा कि इस संस्था के विस्तार के लिए समाज के लोगों को संस्थान से जुड़कर सहयोगी बनना चाहिए। जिससे हम स्वच्छता के साथ-साथ, सार्वजनिक सामूहिक विवाह एवं गरीब बच्चों की शिक्षा पर भी फोकस कर उनके हितार्थ काम कर सकें। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडे, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, महेश प्रसाद केसरवानी,ऋषि दीक्षित, तुलसी तिवारी, विकास मिश्रा, संदीप सिंह, आत्म प्रकाश यादव, बब्रुवाहन सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रवीण तिवारी, सोमनाथ मिश्रा, कैलाश दत्ता, दयाशंकर पांडे, धीरज राजवानी, राजेश राठौर, कार्तिकेय तिवारी, परीक्षित त्रिपाठी, उज्जवल यादव, सनी यादव, आर्यन यादव, गौरव यादव, सौरभ यादव, सिद्धि सिंह, अनन्या चौरसिया आदि उपस्थित रहे।



## सावन के पहले सोमवार पूर्व कुशगढ शिवालय पर समाज सेवियों ने की सफाई

**करछना।** तहसील क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को समाज सेवियों ने मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान समाज सेवी विनायक पंडित अध्यक्ष मां सेवा संस्थान रोकड़ी करछना प्रयागराज के सदस्यों सहित मंदिर में पूजा अर्चना हेतु श्रधालुओं को सुविधाजनक साफ सफाई कर स्वच्छता का कार्य किया तथा उनके साथ देवमणि मिश्रा, छोटू पाण्डेय, कन्हैया तिवारी, रवि सिंह, सूरज पटेल , आनंद उमर वैश्य , रोहित एवं माली सहित समाज सेवियों एवं गणमान्य लोगों का भरपूर सहयोग सराहनीय रहा, इसी क्रम में विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ने मंदिर परिसर में हाईमास्ट लाइट लगवाकर श्रधालुओं के लिए रोशनी का भी प्रबंध कराया जिसका स्थानीय लोगों ने विधायक की सराहना की है।

# स्वावलंबी बनाने में जुटा हिंदू जागरण मंच

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** विकासखंड उरूवा के सोरांव गांव में पूर्व प्रधान के आवास पर स्वावलंबी बनाने को लेकर के हिंदू जागरण मंच के तत्वाधान में बैठक आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। रविवार को हिंदू जागरण मंच के जिला कोआर्डिनेटर विजेंद्र मणि, हिंदू जागरण मंच प्रांतीय सदस्य व युवा प्रमुख काशी प्रांत विश्वपति तथा जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच यमुनापार शशिकांत शुक्ला के नेतृत्व में बैठक आयोजित कर स्वावलंबी भारत बनाने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया तथा ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें ब्लॉक उरूवा में स्वावलंबी मंच के कोऑर्डिनेटर के तौर पर रजनी कांत शुक्ला सह कोऑर्डिनेटर जय शंकर कोल तथा मेजा में हरिमोहन तिवारीपुर उर्फ पप्पू को सह कोआर्डिनेटर संगम लाल को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर



नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। विजेंद्र मणि जिला कोऑर्डिनेटर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वावलंबी भारत अभियान चलाकर देश को रोजगार मुक्त बनाने का है। हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय सदस्य काशी प्रांत विश्वपति ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच अन्य संगठनों के साथ मिलकर देश को पूर्णतया रोजगार मुक्त बनाने के लिए संकल्प बंद है। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक यमुनापार शशिकांत शुक्ला ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक कैसे पहुंचे सरकार की मंशा है कि पंक्ति में खड़े हर व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसी उद्देश्य के नजरिए से हिंदू जागरण मंच के तत्वाधान में स्वावलंबी भारत बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर ज्ञानचंद वर्मा, संग्राम चौरसिया,कमलेश पांडे, राजेंद्र पाल, श्रीनाथ गुप्ता, विनय कांत शुक्ला, साधु शुक्ला, जय शंकर जैकी, प्रसिद्धि पाल, फूलचंद, मूलचंद, लक्ष्मीकांत चौरसिया, लालमणि सरोज विवेक तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# इफको डीएपी व यूरिया की सुलभता से किसानों में दिखी प्रसन्नता

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** तेंदुआ कलां, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) बहुउद्देशीय लैम्प्स लिमिटेड विकास खंड -मेजा में पर्याप्त मात्रा में डी.ए.पी.एवं यूरिया की आवक होने से किसानों में खुशी है। मौजा पौसिया के धान उत्पादक किसान बीरेंद्र द्विवेदी,रामलाल, बजरंगी,भुवर, आदि का कहना है कि समिति से प्राप्त खाद विश्वसनीय होती है और किसानों को इस बार सोसायटी से पर्याप्त मात्रा में खाद मिल पा रही है। जबकि तेंदुआ कलां के किसान श्यामधर, मुन्नी लाल ,मेघ?ई महाजन का कहना है कि विगत वर्ष में सहकारी समिति तेंदुआ में खाद न उपलब्ध होने के कारण प्राइवेट दुकानों से डी.ए.पी.निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खरीदी गई थी किन्तु डुप्लीकेट खाद मिलने के कारण पैदावार कम हुआ था।जब सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं रहती तो प्राइवेट दुकानों में मनमानी के चलते किसान ठगी के शिकार हो जाते हैं। समिति के नवनियुक्त युवा अध्यक्ष राहुल तिवारी का कहना है कि शासन की मंशा है कि किसानों की आमदनी दुगुनी हो,यह तभी संभव है जबकि किसानों को क्वालिटी युक्त खाद व बीज उचित रेट में उपलब्ध हो । चुनाव में किये गये वादे के अनुसार जिस




प्रकार डी.ए.पी.एवं यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है उसी प्रकार से शीध्र ही अच्छी क्वालिटी में उचित मूल्य पर जिंक, सल्फर, चारा अवरोधक दवा, एवं जिप्सम भी पर्याप्त मात्रा में समिति पर उपलब्ध होगा। सहकारी समिति तेंदुआ कलां के सदस्य किसानों की आमदनी दुगुनी करने के लिए अनवरत प्रयासरत अध्यक्ष राहुल तिवारी ने यह भी आश्वासन दिया है कि धान की खरीद के अलावा किसानों से पुवाल एवं गोबर की खरीद पर भी मसौदा तैयार किया जा रहा है उम्मीद है कि जिस तरह से डी.ए.पी.एवं यूरिया का वादा पूरा किया गया है उसी प्रकार से किसानों के हित में अनवरत कार्य होते रहेंगे।

## न्यूज झरोखा

### पर्यावरण की सुरक्षा एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी



**सहसों।** पर्यावरण की सुरक्षा एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी होता है। इसी प्रकार नमामि गंगे के जिला संयोजक राजधर द्विवेदी ने सहसों में पौधरोपण करते हुए कहा कि पौधे पर्यावरण की सुरक्षा, हरियाली, शुद्ध प्राणवायु एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही जरूरी है। उन्होंने कहा सभी व्यक्ति को चाहिए कि अपनी खाली पड़ी भूमि पर फलदार, छायादार तथा आक्सीजन देने वाले पौधे पीपल, पाकर, गूलर तथा बरगद के पौधे लगाकर बड़े होने तक उनकी सुरक्षा करते हुए वातावरण को शुद्ध बनाएं। पौधे हमें प्राणवायु, हरियाली के साथ भूमि की सौंदर्यता सहित स्वच्छ स्वस्थ्य के लिए जनमानस को उपयोगी पर्यावरण प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अक्षतधर द्विवेदी, शुभम, शशांक, आदर्श, श्यामधर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### अश्लील टिप्पणी कर रहे शोहदों ने विरोध पर महिला का तोड़ा हाथ मुकदमा दर्ज

**म ऊआइमा।** एक महिला खेत की ओर शौच के लिए जा रही थी। तभी कतिपय शोहदों ने अश्लील टिप्पणी की विरोध पर महिला को मारे पीटे और हाथ तोड दिए।महिला ने थाने में तहरीर दी कर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनि एक महिला का आरोप है कि वह शौच के लिए अपने खेत की ओर जा रही तभी कतिपय युवकों ने उसके ऊपर अश्लील टिप्पणी करते हुए अभद्रता किए तथा डिब्बे का पानी छीन कर फेंक दिए। विरोध पर मार पीट कर हाथ तोड़ दिए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। महिला ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर गांव के ही अंशू कुमार ,सूरज कुमार ,विजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

### रंजिश में दबंगो ने मारपीट कर तीन लोगों को घायल किया

**मऊआइमा।** मऊआइमा में पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी बाहरी तत्वों को बुला कर लाठी डंडों और ईट पथरों से मार कर तीन को जख्मी कर दिए। पुलिस ने पांच नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के नौगीरा गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र महादेव का आरोप है कि पडोसी से चल रहे पुरानी रंजिश को लेकर बाहरी तत्वों को बुलाकर उसके परिजनों को ईट पथर लाठी डंडों से मार पीट कर उसे और उनके पिता महादेव ,तथा परिवार के अनुज कुमार, मीरा को मार पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये ।मनोज कुमार ने मऊआइमा थाने में राजा, महेश ,राजेंद्र ,राहुल, पंकज अन्य बाहरी अज्ञात तत्वो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# प्रेमी संग पत्नी चली पति हुआ परेशान

**सहसों।** जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर, सोहासा निवासी डॉ केसर प्रताप पटेल पुत्र श्याम नारायण पटेल पांच वर्षों से सरायइनायत थाना के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के सहसों स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज के पास किराये का कमरा लेकर रहते हैं। मई 2017 में घूरेपुर उतरांव निवासी प्रियंका पटेल के साथ विवाह हुआ। वैवाहिक संबंध के बाद पांच वर्ष का एक बेटा हर्ष पटेल है। उसी घर में डॉ केसर पटेल ने क्लीनिक एवं फिजियोथैरेपिस्ट सेंटर खोल रखा है। पति केसर प्रताप पटेल का आरोप है कि वह अपनी पत्नी प्रियंका को बीएससी व एएनएम डिप्लोमा का कोर्स कराया। उसी समय से उसका किसी लड़के से अफेयर चल रहा था। परन्तु 17 जून को पत्नी प्रियंका पटेल घर से अचानक गायब हो गई। घर में पत्नी को ना देख कर जानकारी देते हुए अपने ससुर सोभनाथ पटेल के साथ सरायइनायत थाना में जाकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया। जिस पर डीसीपी गंगानगर ने खोजबीन कराया तो प्रियंका पटेल पुलिस के सामने आकर पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाकर साथ में रहने से मना कर दिया। पति केसर पटेल का कहना है कि पत्नी को पढ़ा लिखाकर सोचा था उसके साथ क्लीनिक में सहयोग करेगी। परन्तु वह दूसरे पुरुष के साथ रहने के लिए अपने पति और छोटे से बेटे को धोखा दे रही है। इस संबंध में सहसों पुलिस चौकी इंचार्ज दयाराम ने बताया कि प्रियंका पटेल ने पति के ऊपर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कोर्ट में मुकदमा दाखिल किया है।

## अधिवक्ता के पुत्रवधू के निधन पर जताई गई शोक संवेदना

**सहसों।** फूलपुर तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर सिंह की पुत्रवधू रागिनी सिंह 30 वषीर्या पत्नी रावेन्द्र सिंह के असामयिक निधन पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिवक्ताओं ने उनके पाली गांव स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। तथा 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति हेतु परमात्मा से प्रार्थना करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर राकेश बहादुर सिंह, हरिनारायण सिंह, अभय राज सिंह, देवराज उपाध्याय, केबी सिंह, कमलेश सिंह, योगेंद्र प्रसाद मिश्र,राधेश्याम मिश्रा, विजय शंकर सिंह, तीरथ राज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मनकामेश्वर में माथा टेकने से होती है मनोकामना पूर्ण

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** संगम नगरी प्रयागराज से लगभग 45 किलोमीटर सुदूर दक्षिण पश्चिम के छोर लालापुर गांव के पहाडों पर विराजमान बाबा भूतेशनाथ का शिवलिंग अत्यंत सुहावना है । पहाड़ के पश्चिम दिशा में यमुना से निकला पानी नहर में आकर बह रहा है जो कि बहुत रमणीय एवं सुंदर है। लोगों का मानना है कि इसका लेख शिव पुराण में भी किया गया है यह स्थान बहुत सुंदर एवं रमणीय है भगवान भोलेनाथ के स्थान पर जो आकर अपनी मनोकामना रखता है वह पूर्ण होती है। इलाके के धार्मिक पौराणिक आस्था का प्रतीक मनकामेश्वर मंदिर लालापुर में शनिवार को मंत्री काशी प्रांत विश्व हिंदू परिषद, गौरक्षा प्रमुख के लोकप्रिय मंत्री लालमणि तिवारी एवं प्रयागराज व लखनऊ हाईकोर्ट के तमाम हस्तियों ने जलाभिषेक कर भगवान अवघड दानी भूतेषनाथ मनकामेश्वर भगवान

## लाल मणि त्रिपाठी मंत्री काशी प्रान्त गौरक्षा प्रमुख के साथ प्रयागराज व लखनऊ हाईकोर्ट गणमान्यों ने मंदिर में किया जलाभिषेक



भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद मंत्री काशी प्रांत विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा प्रमुख ने क्षेत्रीय लोगों की समस्या के बारे में जानकारी लिया और लोगों से कहा कि अगर क्षेत्र में किसी को कोई परेशानी होती है तो तुरंत हमको अवगत करायें हम तत्काल समस्या का निदान करेंगे। काशी प्रांत गौरक्षा प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र में किसी व्यक्ति को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हम हर सम्भव मदद करने के लिए चौबीस घंटे तैयार है। बस आप लोग हमें सूचना दे हम मौके पर मौजूद रहेगें। लालापुर गांव में स्थित मंदिर यमुना के किनारे पहाड़ों के ऊपर में विराजित सुप्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में पहाड़ों के ऊपर विराजमान मंदिर की छटा देख मंत्री काशी प्रांत विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा प्रमुख व लखनऊ प्रयागराज हाईकोर्ट से आये विशिष्ट जन भाव विभोर हो गये और कहा कि यह स्थान कितना सुंदर और रमणीय है। देखने से ऐसा प्रतीक होता है कि भगवान भोलेनाथ की कैलाशपुरी नगरी लालापुर गांव में विराजमान हैं। उक्त जलाभिषेक मौके पर मौजूद जगदीश नारायण शुक्ल, हेमन्त सिंह, केके द्विवेदी, विवेक श्रीवास्तव, रमेश कुमार दूबे ग्राम प्रधान भटपुरा लालापुर शंकर लाल पाण्डेय, प्रधान देवेन्द्र कुमार उपाध्याय, आचार्य कौशलेश त्रिपाठी, वीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, महामंत्री शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय,मण्डल उपाध्यक्ष होरी लाल केशवानी, पप्पू गर्ग, प्रदीप त्रिपाठी, पप्पू मोदनवाल, सुनील तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## खबर संक्षेप

### नहाते समय दो किशोर यमुना नदी में समाए, गोताखोरों ने सकुशल बाहर निकाला

**प्रयागराज।** बलुआघाट में दो किशोर नहाते समय यमुना में समा गए। इससे हड़कंप मच गया। घाट पर मौजूद लोगों के शोर मचाने पर वहां पर मौजूद गोताखोरों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी। बिना देर किए दोनों किशोरों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।सनी हेला (15) और प्रवीण सोनकर (17) दोनों गोलपार्क अतरसुइया के रहने वाले हैं। इनके पिता सफाई कर्मी हैं। यह दोनों रविवार को यमुना नदी में नहाने के लिए बलुआ घाट पर पहुंचे थे। नहाने के दौरान दोनों गहराई में जाने लगे। जब तक लोग कुछ समझ पाते दोनों पानी में समा गए। घाट पर मौजूद अन्य दोस्तों के शोर मचाने पर गोताखोरों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी और उन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया। डूबने के चलते दोनों कुछ देर के लिए बदहवास थे। बाद में सामान्य हो गए।

# लूटपाट की घटना का 12 घंटे में खुलासा

**पर्स लूटकर भागे बदमाश करेली से गिरफ्तार, तीन मोबाइल, सोने के जेवरात, नकदी बरामद**





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुलिस ने लूटपाट करने वाले दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों लुटेरों को पुलिस ने घटना को अंजाम देने के बाद महज 12 घण्टे में गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए लूटेरों के कब्जे से महिला के साथ कि गयी लूट का सारा सामान भी बरामद हुआ है। पकड़े गए दोनों बदमाश शनिवार रात में खुल्दाबाद क्षेत्र के अटाला से ई-रिक्शा सवार एक महिला का पर्स लूट कर भाग थे। आरोपियों से हुई पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि पकड़े गए दोनों लुटेरे शातिर किस्म के अपराधी है और कई सालों से लूट छिनैती कर रहे थे। उन दोनों ने शहर के कई और थाना क्षेत्रों में भी लूट की वारदात को अंजाम दिया है। लुटेरों के कब्जे से लूटा गया चार मोबाइल और सोने गहनों के साथ ही कैश भी बरामद हुआ है। शिवकुटी थाना अंतर्गत मेंहदौरी मोहल्ला निवासी सोफिया शनिवार शाम को ई रिक्शा से अपने मायके दरियाबाद जा रही थी। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला गोलपार्क चौराहे के समीप बिना नंबर प्लेट की बाइक से पहुंचे दो बदमाश सोफिया का बैग छीन कर भाग गए थे। सरे शाम हुई लूट की घटना से हड़कंप मच गया था। सूचना पर खुल्दाबाद थाना प्रभारी आईपीएस ट्रेनिंग नीतु मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कराई। वहां लगे सीसीटीवी को खंगाल पाया गया। उसके बाद पुलिस टीम ने करेली थाना कषेत्र से दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया। लूट के 3 मोबाइल सोने के जेवरात व नकदी बरामद अली हुसैन और मोहम्मद फैजी नाम के दो लुटेरों को पकड़ा गया। पुलिस ने सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से दोनों लुटेरों की पहचान कर उनको पकड़ने के लिए दबिश और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। उनके पास से लूट के 3 मोबाइल सोने के जेवरात व नकदी बरामद किए गए है। आईपीएस ट्रेनी नीतू ने बताया कि दोनों लुटेरों से पूछताछ में पता चला कि इससे पहले भी उन्होंने लूट की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। पकड़े गए लुटेरों के खिलाफ शहर के सिविल लाइंस, करेली कर्नलगंज, शाहगंज थाने में कई दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक ये लुटेरे गिरोह बनाकर इस तरह की वारदात को अंजाम देते रहे हैं। पुलिस अब पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में भी जुटी हुई है। कि इनके साथ कौन और लोग शामिल हैं। साथ ही पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी हुई है कि लुटेरों के इस गिरोह से चोरी के मोबाइल और जेवर कौन कौन खरीदता है। पुलिस चोरी का सामान खरीदने वालों जा पता लगाकर उनके खिलाफ भी कार्यवाई करेगी।



# शास्त्री पुल से झूंसी तक लगा रहा जाम

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** सावन मास के प्रथम सोमवार को देखते हुए रविवार की सुबह वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर ट्रैफिक को वनवे कर दिया गया। जिसके बाद झूंसी से लेकर शास्त्री ब्रिज तक वाहन रेंगने लगे रह-रहकर वाहनों के पहिए थम जा रहे थे। लोगो का कहना था कि छुट्टी के दिन यह हाल है तो अन्य दिनों में क्या होगा। सावन मास लगने के पांच दिन बाद कांवर यात्रा के मद्देनजर रविवार को वाराणसी प्रयागराज मार्ग को वनवे कर दिया। वन वे होने के बाद शास्त्री पुल की दक्षिणी लाइन पर जाम लगने लगा और देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार शास्त्री पुल से झूंसी थाने तक लग गई। ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों ने आड़े तिरछे घुस रहे वाहनों पर शक्ति दिखाई तो धीरे-धीरे गाड़ियां खिसकने लगी पूरे दिन शास्त्री ब्रिज पर गाड़िया रेंगती नजर आई। जाम में फंसे आशुतोष सिंह ने बताया कि छुट्टी के दिन यह स्थिति है तो अन्य दिनों में क्या होगा।

# दस दिन बीत जाने के बाद भी तहसील प्रशासन नही हटा पाया अवैध अतिक्रमण और कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर /बारा।** माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर जहा बारा तहसील के अंतर्गत शंकरगढ़ में गुड़िया तलाब में अवैध अतिक्रमण और कब्जे पर बुल्डोजर की कार्यवाही हो रही है। वही ग्राम पंचायत धरा में दबंग प्रवृत्ति के लोगो द्वारा खाद गड्ढे पर अतिक्रमण व कब्जा किया जा रहा है। जिस पर शिकायत के बावजूद भी तहसील प्रशासन बारा ने आज तक कोई कार्यवाही नहीं की। ज्ञात हो की 10 दिन पूर्व गांव के ही भीमराज पुत्र सज्जी लाल लाल देव लाल पुत्र कल्लू पाल राज कुमार,पुत्र देव लाल चंद्रिका पाल,पुत्र राम बहादुर राधेश्याम,पुत्र राजाराम मौजी लाल आदि द्वारा सरकारी अभिलेख में दर्ज खाद गड्ढे पर अवैध रूप से छप्पर चढ़ा कर कब्जा करने लगे जिस पर प्रधान प्रतिनिधि मनोज मिश्रा द्वारा रोका गया तो दबंगों द्वारा एस सी एस टी मुकदमे में फसाने और जान से मारने की धमकी देने लगे जिसकी लिखित शिकायत प्रधान प्रतिनिधि द्वारा थाना बारा और एस डी एम बारा को दी। जिसमे हल्का लेखपाल संदीप सोनकर और पूर्व हल्का लेखपाल मंजेश कुमार को अवैध कब्जे में लिप्त बताया गया है। यह भी बताया गया है की पूर्व में भी भीमराज पुत्र सज्जी लाल द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया गया था। जिसको कुछ ग्रामीणों ने रोक दिया था। जिस पर भीमराज द्वारा फर्जी एस सी एस टी का मुकदमा भी दर्ज करवा दिया गया था।बताया गया की भीमराज अनुसूचित जाति से आता है जिसका फायदा वो जमीन अतिक्रमण और कब्जा में करता है। अब सवाल यह उठता है की इतने संवेदनशील मामले में आज तक कोई कार्यवाही क्यों नही हुई। जब बार बार उच्च न्यायालय और शासन द्वारा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण और





कब्जे पर सख्त कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। उसके बावजूद आज तक तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करना भ्रष्टाचार के साथ साथ कार्यप्रणाली पर भी कई तरह के सवाल उठते है। खैर मामला चाहे जो भी लेकिन इस तरह के लापरवाह प्रशासन की वजह से कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है।

### झूंसी का गुड्डू भी खूब छका रहा, वारदात के 22 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

**झूंसी।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार गुड्डू बम बाज को तो छोड़िए झूंसी में प्रॉपर्टी डीलर को गोली मारने वाले गुड्डू यादव को घटना के 22 दिन बाद भी पुलिस नही पकड़ पाई। वारदात के बाद से गुड्डू यादव के साथ उसका पूरा परिवार घर में ताला लगा कर फरार है। हवेलिया निवासी प्रॉपर्टी डीलर शिव मूरत यादव का छतनाग रोड पर कार्यालय है। 19 जून को वह अपने कार्यालय पर बैठा था तभी वहां नैका महीन गांव का रामनारायण उर्फ गुड्डू यादव पहुंचा और प्रॉपर्टी संबंधित विवाद के दौरान गुड्डू यादव ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से शिवमूरत पर गोली चला दी गोली शिव मूरत के पैर में लगी और वह गिर पड़ा आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला। जिसकी गिरफ्तारी के लिए स्थानीय पुलिस के साथ-साथ क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया है लेकिन वारदात के 20 दिन बाद भी ना तो गुड्डू यादव की गिरफ्तारी हो पाई नाही पुलिस उसके परिवार के बारे में पता कर पाई की सभी कहा छिपे हुए है। मामले में इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने बताया की गुड्डू का एनबीडब्लू जारी हुआ है। आगे कुर्की की कार्यवाही कराई जाएगी।

# ब्यूटी पालर संचालिका ने किया सुसाइड

**दो भाइयों संग निमंत्रण में मुंडेरा गई थी मां, छोटे भाई के साथ घर पर थी मधु, पुलिस ने मोबाइल लिया कब्जे में**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत चकिया मोहल्ले में रविवार को एक ब्यूटी पार्लर संचालिका ने फांसी के फंदे पर लटककर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। पूछताछ में घर वालों ने बताया कि वह मोबाइल पर बहुत देर तक बात करती थी, उसके लिए मां ने उसे फटकार भी लगाई थी। खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत चकिया मोहल्ला निवासी जियालाल की काफी दिनों पहले मौत हो चुकी है। उनके तीन बेटों के बीच में एकलौती बेटी मधु (22) थी, जो बीए तक पढ़ाई करने के बाद आपनी एक फ्रेंड के साथ मोहल्ले के समीप ही ब्यूटी पार्लर चलाने लगी थी। छोटा भाई आकाश ने बताया कि शनिवार को धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा में रिश्तेदार के यहां निमंत्रण था। जिसमें मां सुषमा देवी और दो बड़े भाई शामिल होने के लिए गए थे। घर पर मधु और छोटा भाई आकाश थे। रात में जब परिवार के लोग नहीं आए तो आकाश ने पड़ोस में रहने वाली अपनी मामी मायादेवी को बुला लिया था। रात में तीनों लोग खाना खाकर सो गए। सुबह





मामी माया देवी अपने घर जाने के लिए निकली तो मधु को जगाया। मधु ने दरवाजा खोला उसके बाद माया देवी अपने घर चली गई। मधु दरवाजा बंद कर अंदर चली गई। आकाश उस समय नीचे के कमरे में सो रहा था। रविवार होने की वजह से आकाश देर से उठा। इधर उधर देखा तो मधु नहीं दिखाई पड़ी ऊपर के कमरे में गया तो मधु ऊपर वाले कमरे में पंरखे पर खिड़की के पर्द से फंदा से लटक रही थी। यह देख आकाश की चीख निकल गई। मयो पमेंसी उसने घबराहट में मां भाई और अन्य रिश्तेदारों को फोन किया। सभी लोग भागकर घर पहुंचे। पुलिस को खबर दी गई। मधु को फंदे से नीचे उतारा गया। अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और कमरे की छानबीन करने के बाद लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। भाई आकाश ने बताया कि निमंत्रण में माने मधु को भी चलने के लिए कहा था, लेकिन वह जाने से मना कर दी थी। मोबाइल पर बहुत देर तक बात करती थी। इसके लिए मां ने उसे फटकार भी लगाईड थी। खुल्दाबाद थाने के एसआई भरत लाल ने बताया कि मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। उसके मोबाइल की छानबीन की जा रही है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# कलेक्टर का वसूली आदेश रद्द

**अखंड भारत संदेश**

**हाईकोर्ट ने कहा-नगर पालिका को दुकान के बकाया किराये की भू-राजस्व प्रक्रिया अपनाकर वसूली का अधिकार नहीं**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि नगर पालिका को धारा 173-ए के तहत दूकान किराये की वसूली में भू-राजस्व वसूली प्रक्रिया अपनाने का अधिकार नहीं है। यह आदेश जस्टिस सलिल कुमार राय तथा जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने बरेली के मंजीत सिंह व अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचियों ने बरेली नगर पालिका परिषद के कार्यकारी अधिकारी द्वारा जारी किए गए वसूली प्रमाणपत्रों और धारा 173-ए (बकाया के रूप में करों की वसूली) के तहत कलेक्टर द्वारा भू राजस्व अधिनियम के तहत जारी किए गए परिणामी वसूली को चुनौती दी थी। याचियों का कहना था कि नगर पालिका से आवंटित दुकान का बकाया किराया धारा 292 के तहत वसूल किया जा सकता है। यह तर्क दिया गया कि भूमि पर किराया देय नहीं है और इसे धारा 173-ए या धारा 291 के तहत भू राजस्व के रूप में वसूल नहीं किया जा सकता है, जो कलेक्टर को भूमि पर भू राजस्व के रूप में किराया एकत्र करने का अधिकार देता है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कलेक्टर द्वारा जारी वसूली प्रमाण पत्र और वसूली उद्धरण को अधिकार क्षेत्र के बाहर होने के कारण रद्द कर दिया।

**बकाया वसूली के लिए 15 दिन का समय देना अनिवार्य :** कोर्ट ने कहा नगर पालिका अधिनियम किसी दुकान के किराए के बकाया को भू राजस्व के बकाया केरूप में वसूल करने का अधिकार नहीं देता है। किसी भी बकाया के भुगतान के लिए बकाएदार को 15 दिन की अवधि प्रदान की जाती है। यह भी माना गया कि उक्त अवधि के भीतर अपना बकाया पूरा करने में विफल रहने के बाद ही अधिनियम के अध्याय छह के तहत आगे की कार्यवाही शुरू की जा सकती है लेकिन भू राजस्व के तहत किराए की वसूली नहीं जा सकती है।

### दशाश्वमेध घाट पर कांवड़ियों का लगा मेला

**प्रयागराज।** कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। प्रयागराज के पौराणिक दशाश्वमेध घाट पर बड़ी संख्या में कांवड़िये जल लेने के लिए पहुंच रहे हैं। सावन माह के पहले सोमवार 10 जुलाई को भारी भीड़ उमड़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके मद्देनजर दशाश्वमेध और संगम घाट पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई हैं। कांवड़ मेला शुरू हो गया है। श्रावण मास शुरू होते ही प्रयागराज के पौराणिक दशाश्वमेध घाट पर कांवड़ियों का रेला उमड़ने लगा। बड़ी संख्या में कांवड़िए यहां से जल भरकर काशी विश्वनाथ और बाबा वैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हो रहे हैं। जौनपुर, भदोही, मिजार्पुर, सोनभद्र, वाराणसी, कौशांबी समेत प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही संगम तट पर भी भारी संख्या में कांवड़िये जुट रहे हैं।कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रयागराज से वाराणसी जाने वाले हाईवे की एक लेन को आरक्षित कर दी गई है। करीब दो महीने तक एक लेन बंद रहेगी। बैरिकेडिंग लगाकर डिवाइडर के बीच जगह-जगह पर बने कट को बंद कर दिया गया है। बड़ी संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। सावन के प्रथम सोमवार पर बड़ी संख्या में कांवड़िये जल उठाएंगे। साथ ही मंदिरों में भी भारी भीड़ उमड़ेगी।

# सिपाही बनते ही पत्नी ने मांगा तलाक

**अखंड भारत संदेश**

**पति ने जमीन बेचकर कराई थी पढ़ाई, नौकरी मिलने के बाद बदल गई पत्नी**



**प्रयागराज।** आलोक मौर्या और एसडीएम ज्योति मौर्या का मामला अभी थमा नहीं कि प्रयागराज के जरार गांव में भी एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। जहां पति ने अपने हिस्से की जमीन बेंचकर पत्नी को पढ़ाया। पुलिस की नौकरी मिलते ही अब पत्नी अपने पति से तलाक मांगने लगी है। यह मामला तेजी से सुर्खियों में छा गया है।ताजा मामला प्रयागराज के जरार गांव से सामने आया है। जानकारी के अनुसार यहां के रहने वाले रविंद्र कुमार प्राइवेट नौकरी करते हैं, तो वहीं उनकी पत्नी रेशमा यूपी पुलिस में सिपाही है। जरार गांव निवासी रविंद्र कुमार की शादी 7 साल पहले मांडा थाना क्षेत्र के बबुरा गांव की रहने वाली रेशमा के साथ हिन्दू रीति रिवाजों के साथ संपन्न हुई थी।शादी के 1 साल तक पति-पत्नी के बीच बहुत प्यार था। पति अन्य प्रदेश में प्राइवेट जॉब करता था, तो वहीं पत्नी घर में रहकर पढ़ाई और सरकारी परीक्षा की तैयारी करती थी। शादी के 1 साल बाद ही पत्नी का नाम यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर आ गया। इसके बाद से ही पति-पत्नी के रिश्तों में दरार आने लगी।

**अपने हिस्से की जमीन बेंचकर करवाई पढ़ाई :** पीड़ित पति ने बताया, "शादी के एक साल तक सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच पत्नी ने पढ़ाई को लेकर हमसे से चर्चा की। गरीबी के कारण पत्नी की पढ़ाई कराने में असमर्थ था, तो हमने अपने हिस्से की जमीन बेंचकर पत्नी की पढ़ाई शुरू कराई। जब पत्नी को पुलिस विभाग में सिपाही पद की नौकरी मिली, तो सभी परिवार वाले खुशी के मारे झूम उठे। जैसे ही पत्नी की पोस्टिंग गाजीपुर जिले में हुई तो पत्नी ने तलाक मांगना शुरू कर दिया। यह सुनकर हम लोगों के होश उड़ गए।

## पैसे के लेनदेन को लेकर सड़क पर महिलाओं का ड्रामा

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना तीन के लाल चौक के पास एक मकान के बाहर सड़क पर शनिवार की आधी रात तक महिलाओं का हाई वोल्टेज ड्रामा चला। पूरे प्रकरण के कई वीडियो भी दिनभर इलाके में वायरल होते रहे। हाई वोल्टेज ड्रामे के पीछे पैसे के लेनदेन को वजह बताई गई है। भुक्तभोगी महिलाओं की ओर से आरोपी महिला के खिलाफ झूंसी पुलिस को तहरीर भी दी गई है। हालांकि रविवार की देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। घटना के कारण मौके पर लोग भी जुट गए थे। झूंसी पुलिस के मुताबिक आवास विकास कालोनी योजना तीन में रहने वाली एक महिला ने कई लोगों से जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये लिए थे। पर अब तक न तो जमीन मिली और न ही पैसा लौटाया जा रहा है। पैसे के लेनदेन को लेकर पहले शनिवार की शाम झूंसी थाने पर घंटों पंचायत चली लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इसी बीच भुक्तभोगियों को पता चला कि आरोपी महिला भागने की फिराक में है। इस पर कुछ भुक्तभोगी महिलाएं उसके घर पहुंच गई।

### शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक संपन्न

**फाफामऊ।** उच्च प्राथमिक विद्यालय फाफामऊ गांव के परिसर में शनिवार को अभिभावक शिक्षक की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता नलिनी गुप्ता ने की इस दौरान विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्या पिका बबिता कैथवास ने उपस्थित लोगों को बताया कि विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खाते में डीवीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म स्वेटर जूते मोजे स्कूल बैग स्टेशनरी के मध्य में कुल 12 सो रुपए बैंक खाते में भेजा जाएगा उपस्थित अभिभावकों को बताया गया कि बच्चों को पठन-पाठन में सहयोग दें दीक्षा ऐप डाउनलोड करके बच्चों को पढ़ने के लिए सतत प्रयास करें निपुण लक्ष्य गणित किट आदि छात्र छात्राओं के हित के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके इस मौके पर इंचार्ज प्रधान अध्यापिका बबिता कैथवास अर्चना श्रीवास्तव अल्पना जैसवाल वीना देवी पूनम लता अंजू पांडे शिक्षक अभिभावक मौजूद रहे।

# सभी सरकारी ब्लड बैंकों से स्वैच्छिक रक्तदाताओं को मिलेगा ब्लड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** स्वैच्छिक रक्तदाता अब प्रदेश के किसी भी सरकारी ब्लड़ बैंक से आसानी ब्लड पा सकते हैं। उनका डोनर कार्ड सिर्फ संबंधित जनपद के ब्लड बैंक में ही नहीं बल्कि प्रदेश के सभी सरकारी ब्लड बैंकों में मान्य होगा। इसके लिए राज्य रक्त संचरण परिषद की ओर से प्रदेश के सभी सरकारी ब्लड बैंक के प्रभारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इससे तत्काल लागू करने के लिए भी कहा गया है। परिषद के निदेशक डॉ. हीरा लाल ने बताया कि लगातार इस तरह की शिकायतें आ रही थी कि स्वैच्छिक रक्तदाताओं को दूसरे शहर के सरकारी ब्लड बैंकों में ब्लड नहीं मिल पाता है। रक्तदाताओ को यह कहकर ब्लड देने से मना कर दिया जाता है कि उन्हें सिर्फ उसी ब्लड बैंक में ब्लड मिलेगा जहां पर वह स्वैच्छिक रक्तदान किए हैं। इन सब समस्याओं से रक्तदाताओं को राहत मिलेगी। स्वैच्छिक रत्तदाता यदि किसी भी सरकारी ब्लड बैंक में रक्तदान करता है तो ब्लड बैंक की ओर से उसे एक डोनर कार्ड दिया जाता है, वह डोनर कार्ड 3 माह के लिए मान्य होता है। वह ब्लड बैंक से जाकर बिना डोनर के ही ब्लड प्राप्त कर सकता है। रत्तदाताओं की यह शिकायत होती थी कि उन्हें दूसरे शहरों में जाने पर ब्लड नहीं दिया जाता। इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य रक्त संचरण परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि स्वैच्छिक रक्तदाता किसी भी सरकारी ब्लड बैंक से डोनर कार्ड दिखाकर ब्लड पा सकता है। "पुलिस मित्र" ग्रुप के संचालक आर्शीष मिश्र जरूरतमंदों को ब्लड़ उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर मुहिम चला रहे हैं। वह कहते हैं कि इस निर्णय से स्वैच्छिक रक्तदाताओं को काफी सहूलियत मिलेगी।

**रक्तदाताओं को दूसरे शहरों में ब्लड लेने में नहीं होगी दिक्कत, राज्य रक्त संचरण परिषद की ओर से दिए गए निर्देश**



### चोरी के सामान के साथ दो युवकों को पुलिस ने भेजा जेल

**प्रयागराज।** रविवार को होलागढ़ पुलिस ने दो युवकों को चोरी के सामान के साथ धर दबोचा। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र मौर्य, मुख्य आरक्षी अनिरूद्ध सिंह, कॉन्स्टेबल सर्वेश यादव ने अभियुक्त 1. नीरज प्रजापति पुत्र रामराज प्रजापति निवासी आदमपुर अटरामपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज

2. मोहनलाल मौर्य पुत्र हीरालाल मौर्य निवासी पचदेवरा थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को चोरी के दो बंडल तार व सोलह झालर लाइट के साथ अहिबी का पूरा चौराहे से गिरफ्तार किया अभियुक्तो के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# अवैध ग्राम समाज की कब्जा हुई जमीनों की पैमाईश

**अखंड भारत संदेश**

**भूमि प्रबंधक समिति अल्हवा ने लिया एक्शन कमिश्नर सहित उच्च अधिकारियों के आदेश पर कार्यवाही शुरू, भू अतिचारियों में हड़कंप**



**कोरांव।** कोरांव तहसील के ग्राम पंचायत अल्हवा में भूमि प्रबंधक समिति के प्रयास पर पारित आदेश के क्रम में ग्राम समाज की चकरोड़ नवीन परती रास्ते आदि की जमीनों पर अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ कार्यवाही शुरू हो गई है जिससे भू अतिचारी लोग ग्राम प्रधान और लेखपाल को कार्यवाही में बाधा उत्पन्न कर तरह तरह की धमकियां भी दी। बता दें कि प्रधान और लेखपाल ने पुलिस बल बुलाया और अतिचारियों की जमीनें सीमांकन कर खाली करने की चेतावनी भी दी। ज्ञात हो कि अल्हवा ग्राम सभा में लाखों करोड़ों की कीमती नवीन परती,बंजर, चकरोड,रास्ते की जमीनों पर अवैध ढंग से कब्जा कर किसी ने मकान तो किसी ने कृषि कार्य हेतु वर्षो से कब्जा कर अनुचित लाभ उठा रहे हैं। चर्चा है कि भू अतिचारियो की महिलाएं लेखपाल और ग्राम प्रधान को अपशब्द भी कहा और तरह तरह की धमकियां भी दी। लेखपाल अतुल तिवारी तथा ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने बताया कि भू माफिया अतिचारी अपना काम करेगें हम लोग सवैधानिक तरीके से कार्यवाही करते जायेंगें। और कीमती सरकारी ग्राम समाज की जमीनों पर बने मकान और अस्थाई अतिक्रमण जेसीबी मशीन से हटवा दिया जायेगा। इस बाबत उप जिलाधिकारी को कार्यवाही की संस्तुति की जा रही है और जिन जिन महिलाओं ने अभद्रता की अपशब्द कहा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की इन लोगों के खिलाफ थाना पुलिस कोराव में प्राथिमिकी दर्ज कराई जाएगी। और भविष्य में महिला और पुलिस बल का भी जरूरत पड़ने पर सहयोग लिया जाएगा। ग्राम प्रधान ने बताया कि जिंदगी भर हम धमकियां और संघर्ष गलत लोगों से झेला है। यदि ग्राम समाज की जमीनें लोगों ने कब्जा किया है पत्तेदारो की भूमि सरहगों ने कब्जा किया है तो उन्हे हर हाल में छोड़ना पड़ेगा। प्रधान ने बताया कि धमकी और गालियों से डरने वाला नहीं हूं। हम ग्राम का समग्र विकास कर रहे हैं लोग सहयोग प्रदान करें। और सीमांकन का क्रम समय समय पर जारी रहेगा।

## बाबा धाम में सावन के सोमवार पर जलाभिषेक के लिए कांवड़िया उत्साहित, दर्शन पूजन को उमड़ेंगें श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सावन माह के पहले सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए रविवार की दोपहर से कांवडिया श्रद्धालुओं का जत्था बाबा धाम पहुंचने लगा। बड़ी संख्या में बोल बम के जयकारें के साथ कांवड़ियां श्रद्धालुओं को लालगंज के वर्मानगर, रायपुर तियाई, इंदिरा चैक, अमावा में बीच-बीच में विश्राम करते हुए भी देखा गया।

उधर सांगीपुर से आने वाले कावंड़िया श्रद्वालु भी देउम चैराहे के समीप बाग में ठहरे हुए देखे गये। कावंड़िया श्रद्वालुओं के लिए जगह जगह शिव भक्तों को पानी तथा शरबत के भी प्रबंध में उत्साहित देखा गया। वही शनिवार को डीएम प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव तथा एसपी सतपाल अंतिल के बाबा धाम में प्रशासनिक प्रबंधों पर नाराजगी का असर रविवार को धाम में दिखलाई पड़ा। पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को व्यवस्था को पूर्ण किये जाने में रविवार की सुबह से ही मशक्कत में देखा गया। वही ब्लाक प्रशासन द्वारा सई तथा गंगा सागर तट पर साफ सफाई के लिए दर्जनों स्वच्छता कर्मियों के साथ जुटे देखा गया। मंदिर प्रशासन के द्वारा भी सावन के पहले सोमवार को लेकर बाबा धाम में जलाभिषेक तथा दर्शन पूजन को लेकर प्रबंधों को अंतिम रूप दिया गया। महंथ मयंक भाल गिरि ने बताया कि सुबह से शाम तक स्वय सेवकों के साथ महिला एवं पुरूष श्रद्वालुओं की अलग अलग पंक्ति में दर्शन पूजन की व्यवस्था की गयी है। मंदिर के अंदर कांवड ले जाना प्रतिबंधित किया गया है। पहले सोमवार को लालगंज से बाबा धाम के लिए डभियार तथा सांगीपुर से आने वाले श्रद्वालुओं के वाहन देउम चैराहे पर पार्क कराये जायेगे। इधर सावन के पहले सोमवार को लेकर क्षेत्र के शिव मंदिरों में भी रविवार को साफ सफाई के साथ दर्शन पूजन के प्रबंध में शिव भक्तों को जुटे देखा गया।


बाबा धाम के लिए निकले कांवडियां श्रद्वालु।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 शिवपूजन यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 108/18 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त मकसूद आलम पुत्र अजीम उल्ला निवासी ग्राम वासूपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना फतनपुर के उ0नि0 विजय बहादुर सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0सं0 254/22 धारा 147, 452, 323, 504, 306, 325 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामजस निवासी ग्राम बसिरहा थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## सद्भावना सभा में आएंगे नसीमुद्दीन सिद्दीकी व प्रमोद पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस सांसद एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर रविवार को कैम्प कार्यालय पर आयोजकों ने तैयारियों को लेकर मंथन किया। सोलह जुलाई को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के जन्म दिन के एक दिन पहले पन्द्रह जुलाई को लालगंज में परम्परागत सद्भावना सभा का आयोजन किया गया है। इस बार सद्भावना सभा में प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रान्तीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी तथा कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश मुख्य संगठक डॉ0 प्रमोद पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना करेगी। तैयारी बैठक की अध्यक्षता प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज ने किया। संचालन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र ने किया। बैठक में पूर्व प्रमुख ददन सिंह, सुधाकर पाण्डेय, इं0 सुनील पाण्डेय, विनय शुक्ला, छोटे लाल सरोज, कुंवर ज्ञानेन्द्र सिंह, छोटे सिंह, सत्येन्द्र सिंह, सिंटू मिश्रा, पप्पू तिवारी, बृजेश द्विवेदी, बब्लू सिंह, शास्त्री सौरभ, मुरलीधर तिवारी, मुन्ना शुक्ला, पवन शुक्ला आदि रहे।

### आरोपी के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के जसमेढ़ा निवासी घनश्याम की पत्नी कंचन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि छब्बीस जून को दोपहर दो बजे रंजिशन विपक्षी गांव का भुल्लर का पुत्र चन्द्रशेखर दरवाजे पर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने उसे लाठी डंडे से मारपीट का चुटहिल कर दिया। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी जांनलेवा धमकी देते चला गया।

## सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ के लिये हो रही तैयारी

### बेल्हा देवी मंदिर व नदी में नगर पालिका ने की सफाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** 10 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है। जिले के षिव मंदिरों में गंगाजल लेकर जहां कांवरिये जलाभिषेक करेंगे, वहीं शहर के बेल्हा देवी मंदिर में सावन के पहले सोमवार को मेला भी लगेगा जिसमें भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निर्देष पर पूरे मंदिर व घाटों की सफाई रविवार को की गई। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सावन के पहले सोमवार की पूर्व संध्या पर साफ-सफाई की जा रही है और भोर में ही चूने का छिड़काव किया जाएगा। बता दें कि बेल्हा देवी मंदिर में सोमवार व शुक्रवार को मेला लगता है। इस बार सावन के पहले सोमवार को यहां श्रद्धालुओं का रेला रहने की संभावना को देखते हुए जिला प्रषासन एवं नगर पालिका एलर्ट है। इसके अलावा बाबा घुइसरनाथ व हौदेष्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिये मानिकपुर से गंगाजल लेकर कांवरियों का जत्था सोमवार को पहुंचेगा। इसी प्रकार प्रयागराज से गंगाजल लेकर कांवरियों का जत्था बाबा बेलखरनाथ धाम में जलाभिषेक करेगा। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिये जिला प्रशासन भी एलर्ट है।


नदी के घाटों की सफाई करते सफाई कर्मचारी।

## शारदा संगीत महाविद्यालय की भूमि को बचाने के लिए हुई सामूहिक प्रार्थना सभा

### आजीवन मासिक पेंशन वितरण समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में संस्था की विवादित भूमि को बचाने के लिए रविवार को दिन में सभी धर्मों के मानवतावादी लोगों द्वारा सामूहिक प्रार्थना सभा के साथ स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए जनहित में निर्धारित शर्तों के अनुपालन के बदले आजीवन मासिक पेंशन वितरण समारोह संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर मधुर गीत एवं संगीत के साथ सामूहिक प्रार्थना सभा में सभी धर्मों के लोगों द्वारा संस्था की विवादित भूमि की रक्षा के लिए प्रार्थना की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि एम०पी० त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता एवं समाजसेवी मनप्रीत कौर तथा आजीवन मासिक पेंशन प्राप्त करने वाली कु० प्रज्ञा श्रीवास्तव को अन्तर्राष्ट्रीय मानवतावादी सामाजिक संघ की ओर से सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान पत्र से विभूषित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि एम०पी० त्रिपाठी ने कहाकि शिक्षा से ही समाज का निर्माण और विकास होता है। उन्होंने कहा कि स्वार्थी और लोभी लोगों के लिए घोर कलयुग में शिक्षा और शिक्षक का कोई महत्व नहीं रह गया है। समारोह की विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता एवं समाजसेवी मनप्रीत कौर ने कहाकि वे परमात्मा से प्रार्थना करती हैं कि शारदा संगीत महाविद्यालय की भूमि के सम्बन्ध में विवाद खड़ा करने वाले लोगों को सद्बुद्धि प्रदान करें जिससे उनके अन्दर ऐसी सामर्थ्य आए कि वे समाजसेवी संस्था की भूमि से स्वयं को अलग कर सकें। समारोह के अध्यक्ष डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहाकि सभी धर्मों के मानवतावादी लोगों द्वारा जारी सामूहिक प्रार्थना सभा निश्चित रूप से परमात्मा का ध्यान इसकी ओर आकर्षित करेगी और संस्था की विवादित भूमि की रक्षा होगी। समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत संस्था की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। संस्था के प्रबंधक एवं ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा द्वारा कहा गया कि संस्था की विवादित भूमि का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है जिसके सम्बन्ध में अधिक कुछ कहना उचित नहीं होगा इसलिए अब परमात्मा की भी न्यायालय में फरियाद किया जाना आवश्यक समझा गया है। उन्होंने कहा कि परमात्मा के घर देर है परन्तु अंधेर नहीं। समारोह का संचालन अम्मा साहेब ट्रस्ट की प्रभारी इंजी० नंदिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अम्मा साहेब ट्रस्ट के बोर्ड की सदस्य रीतिका मौर्य रीतू द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर चन्द्रभान सिंह, श्याम शंकर शुक्ल, लवलेश यदुवंशी, राम प्रकाश तिवारी, अंकित कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार सिंह, राजीव कुमार आर्य, नित्या त्रिपाठी, संतोष कुमार मिश्र, कुसुमलता श्रीवास्तव, सुमेधा श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, प्रभाकर पाण्डेय, विनोद कुमार पाण्डेय, रामलली मौर्य, राधे श्याम तिवारी, प्रताप सिंह, ओ0 पी0 गुप्ता, मो0 अकरम बाबा, इंजी0 हिमांशु मिश्रा, अजय तिवारी, शमशेर बहादुर सिंह, प्रदीप पांडेय, आशीष रावत, लक्ष्मी कांत द्विवेदी सहित शारदा संगीत महाविद्यालय के तमाम छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।


मुख्य अतिथि को सम्मानित करते ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा।

### बहू की करतूतों से परेशान ससुर ने कोतवाली में दिया शिकायती पत्र

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बरहूंपुर गांव के रहने वाले सियाराम पुत्र मकरध्वज ने बताया कि उनके चार बेटों में सबसे बड़े बेटे शिव शंकर की शादी हो चुकी है और उनकी बहू घरवालों को परेशान करती है मान मयार्दा भूल कर वह किसी भी समय घर से बाहर निकल जाती है और उसने उसके बेटे को भी कब्जे में ले रखा है। वह बार-बार धमकी देती है कि सभी घर वालों को मुकदमे में फंसा दिया जाएगा पीड़ित ससुर ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

### गर्भवती महिला को आरोपियों ने पीटकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश में पड़ोसी आरोपियों ने गर्भवती महिला को लात से मारकर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के औराइन गांव की रहने वाली रेनू पत्नी मोनू यादव ने बताया कि जमीनी रंजिश के कारण उसके पड़ोसी उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे थे जब उसने विरोध किया तो सभी लोग एक राय होकर उसे मारने पीटने लगे उसके पेट में गर्भ होने के कारण उसे गंभीर चोटें आई और थोड़ी देर के लिए बेहोश हो गई। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियो पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### अज्ञात चोर खोल ले गये मवेशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोर बीती रात शनिवार को पीड़ित के दो मवेशी खोल ले गये। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को रविवार को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के हीरऊ का पुरवा बेलहा निवासी राममूरत वर्मा के पुत्र नागेन्द्र कुमार वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि शनिवार की रात अज्ञात चोर दरवाजे पर बंधी उसकी दो भैंस खोल ले गये। कुत्तों की चिल्लाहट पर वह जगा तो मवेशी गायब देखा। सूचना पर रात में एक सौ बारह डायल पुलिस पहुंची। पुलिस को मौके पर एक मोबाइल गिरा पड़ा मिला।

## 24 जुलाई तक आवेदन करें साहित्यकार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में वर्ष 2022 के दिये जाने वाले बाल साहित्य सम्मानों यथा-सुभद्रा कुमारी चैहान महिला बाल साहित्य सम्मान, सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान, निरंकार देव सेवक बाल साहित्य इतिहास लेखन सम्मान, अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान, शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान, लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान, डा0 रामकुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान, आचार्य कृष्ण विनायक फड़के बाल साहित्य समीक्षा सम्मान, जगपति चतुवेर्दी बाल विज्ञान लेखन सम्मान तथा उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान हेतु साहित्यकारों/विद्वानों का चयन किया जाना है। प्रत्येक सम्मान की धनराशि 51 हजार रुपए है। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान बाल साहित्य सम्मान नियमावली 2015 संस्तुति प्रपत्र तथा सम्मानों से सम्बन्धित अन्य जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है और उसमें निर्धारित प्रपत्र भी उपलब्ध है जिन्हे अपलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त बाल साहित्य सम्मान हेतु नियमावली व संस्तुति पत्र जिला सूचना कार्यालय प्रतापगढ़ से प्राप्त कर सकते है। सम्मानों हेतु संस्तुतियॉ व्यक्तिगत रूप से/डाक द्वारा मूल रूप में हस्ताक्षर सहित निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, राजर्षि पुरूषोत्तमदास टण्डन हिन्दी भवन, 06 महात्मा गांधी मार्ग, हजरतगंज लखनऊ को 24 जुलाई 2023 तक उपलब्ध करायें।

### चार के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट तथा तोड़फोड़ व धमकी को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ शनिवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के अगई पूरे मनऊ बगिया निवासी सुरेश कुमार पुत्र स्व0 झरीलाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि आठ जुलाई को सुबह साढ़े सात बजे विपक्षी उसके दरवाजे आकर गाली गलौज करने लगे। विपक्षी गांव के प्रमोद कुमार व विनोद कुमार पुत्रगण स्व0 अमृत लाल तथा मिथलेश व सिन्टू पुत्रगण रामचन्दर रंजिशन लाठी डंडे से लैस होकर मारपीट करने लगे। पीड़ित जांन बचाने के लिए घर के अंदर घुस गया तो आरोपियों ने वहां भी पहुंचकर मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी घर के सामान भी तोड़कर नष्ट कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जांनलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रमोद समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## नगर संघ संचालक मुरलीधर का निधन, उमड़ा जनसैलाब

### शव यात्रा में शामिल हुए मंत्री, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, व्यापारी और समाज सेवी

#### यात्रा का दो किलोमीटर तक लगा रहा तांता, बरसाए जा रहे थे पुष्प

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघ संचालक,व्यापारी नेता और समाजसेवी मुरलीधर केसरवानी (75) का रविवार को निधन हो गया। निधन से शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनके आवास पड़ाव पर शोक व्यक्त करने वालों का हुजूम उमड़ा रहा। जन प्रतिनिधियों के अलावा डाक्टर, व्यापारी, वकील, टीचर, कवि, साहित्यकार, समाजसेवी, संस्थाओं, सभासदों तथा भाजपा के कई नेताओं ने आवास पहुंचकर शोक जताया। शव यात्रा में शामिल हुए। करीब दो किलोमीटर तक शव यात्रा में शामिल होने वालों का तांता लगा रहा। लोग उन्हें जनसेवक कहते हुए दुख व्यक्त कर रहे थे।


मुरलीधर केसरवानी (फाइल फोटो)


मुरलीधर केसरवानी के घर उमड़ी भीड़।

मुरलीधर केसरवानी किसी परिचय के मोहताज नहीं रहे। उनके कार्य और व्यक्तित्व से समाज के लोग प्रभावित थे। अरसे से संघ में रहते हुए उन्होंने सनातन संस्कृति और परंपरा की अलख को जागने का काम किया। संघ की शाखाओं, सरस्वती शिशु मन्दिरों से लेकर कार्यक्रम का वो हिस्सा बनते थे। खास बात यह थी कि वो हर दिल अजीज थे। उनके संबोधन से लोग प्रभावित थे। यही संस्कार उनके परिवार के सदस्यों में भी था। रविवार तड़के जनसेवक मुरलीधर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। निधन की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध था।

जिसने भी सुना वह उनके आवास पड़ाव पहुंच। देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए। सदर विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री बृजेश शर्मा, व्यापारी नेता राजेन्द्र केसरवानी, मंजीत सिंह, दिन्नू, लखन बाबा, ओम प्रकाश त्रिपाठी, समाज सेवी सियाराम उमरवैश्य, संघ के सौरभ पाण्डेय, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंधक संजीव आहूजा, रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल के अश्वनी केसरवानी, शरद केसरवानी, केके सिंह, श्याम सुन्दर टाऊ, बन्ने नेता, डाक्टर अंबर केसरवानी, नदीम जाफरी,आनंद वाजपेई समेत कई प्रबुद्ध जनों ने शोक जताया है।

## समाज के विकास के लिए शिक्षा आवश्यकः कांति

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला क्षेत्र के सारीपुर गांव में रविवार को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का आयोजन किया गया। महासभा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी कांति सिंह ने कहा कि समाज के विकास के लिए बच्चों को शिक्षित किया जाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लिए शिक्षा तथा स्वास्थ्य के मिशन को तेज किया जायेगा। महासभा में सुन्दरलाल पटेल को कुर्मी सभा का लालगंज ब्लाक अध्यक्ष चयनित किया गया। इस मौके पर अजीत पटेल, रमेश चन्द्र वर्मा, आरपी चैधरी, अवधेश पटेल, राम सिंह पटेल ने भी महासभा के मिशन पर प्रकाश डाला है। बैठक में पूर्व एमएलसी कांति सिंह का समाज के उत्थान में योगदान के लिए सम्मान भी किया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना दिलीपपुर के थानाध्यक्ष उ0नि0 राधेश्याम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना कन्धई के मु0अ0सं0 115/21 धारा 395, 342 भादवि व थाना पट्टी के मु0अ0सं0 353/21 धारा 395, 412, 34, 120बी भादवि, मु0अ0सं0 374/21 धारा 395, 412, 34, 120बी भादवि व मु0अ0सं0 377/21 धारा 395, 412, 34, 120बी भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जिसके गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा वारण्ट जारी किया गया था। इसी क्रम में वांछित अभियुक्त दिनेश कुमार वर्मा पुत्र रमाशंकर वर्मा नि0 ग्राम शीतलागंज थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ हाल पता भेवनी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## गंगा में डूबने से कांवड़िया की मौत

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर, प्रतापगढ़।** जलाभिषेक के लिए निकले कांवड़िये की रविवार की शाम रामजानकी घाट पर जल भरने के दौरान गंगा में छलांग लगाने से मौत हो गई। खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। साथी की मौत से जलाभिषेक के लिए निकले कांवड़िया साथी भी गमगीन रहे। मानिकपुर थाना क्षेत्र के नसीराबाद निवासी 22 वर्षीय राजन सोनीए पंद्रह कांवड़ियों की टोली के साथ गंगा किनारे स्थित रामजानकी घाट पहुंचा था। घाट पर सभी जल भरने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राजन ने गंगा में स्नान कर जल भरने के लिए छलांग लगा दी। इस दौरान उसके सिर तथा गर्दन में गंभीर चोट आ गई। इससे वह अचेत हो गया। यह देख साथियों ने शोर मचाया। आनन.फानन में पुलिस तथा साथी उसे लेकर सीएचसी कालाकांकर पहुंचे। लेकिनए वहां चिकित्सकीय परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नगदी समेत उड़ाये सामान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के गोडवा गांव निवासी धीरेंद्र नाथ मिश्रा पुत्र प्रेम नाथ मिश्रा ने रविवार को थाने पर तहरीर देते हुए कहा कि शनिवार की रात परिवार के सदस्य खाना खा कर घर के अंदर सो गये। पीड़ित के मुताबिक घर पर ही उसने एक कमरे में दुकान खोल रखी है। रात लगभग ढाई बजे अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर लगभग दस हजार का सामान तथा सात हजार रुपए नगद उठा ले गये। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

### दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बोलेरों की टक्कर से बाइक सवार दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया। बेगम वार्ड प्रतापगढ़ निवासी अमजद अली (30)पुत्र सिराजुद्दीन रविवार को दोपहर बारह बजे प्रतापगढ़ से लालगंज आ रहा था। लीलापुर थाना पहाड़पुर मोड़ के पास सामने से आ रही बोलेरों ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में अमजद अली गम्भीर रूप से चुटहिल हो गया। एम्बुलेस सेवा से उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया।

## संस्कार ग्लोबल स्कूल के दो छात्रों को पीएम मोदी ने भेजा बधाई संदेश

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत बेहतर लेख को सराहा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में पढ़ने वाले दो छात्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई संदेश भेजा है। परीक्षा में चर्चा कार्यक्रम में बेहतर लेख लिखने वाले दोनों बच्चों को पीएम ने बधाई संदेश के माध्यम से उनकी सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।

सीबीएसई हाईस्कूल में जिले में टॉपर रहे। इस समय बारहवीं में पढ़ाई कर रहे वेदांत गुप्ता ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में मेरी पुस्तक मेरी प्रेरणा है विषय चुना था। अपनी पसंदीदा पुस्तक श्री रामचरितमानस के बारे में लेख लिखा था। इसके अलावा संस्कार ग्लोबल स्कूल के ही हाईस्कूल के छात्र आर्यन यादव ने आने वाली पीढियों के लिए पर्यावरण सुरक्षा विषय चुना था। दोनों छात्रों के बेहतरीन लेख लिखने पर पीएम नरेन्द्र मोदी की तरफ से शुभकामना संदेश पत्र डाक द्वारा विद्यालय को प्राप्त हुआ। विद्यालय परिवार व स्वजनों ने पीएम का बधाई संदेश आने पर खुशी जताई। चेयरपर्सन डा. अंजना सिंह सेंगर, निदेशक संजय सिंह, प्रिंसिपल समीना अख्तर, संध्या शुक्ला, मीडिया प्रभारी रवि प्रकाश सिंह चन्दन, विनय सिंह, फौजदार सिंह, रंजन सिंह आदि ने बधाई देते हुए भविष्य की शुभकामना दी।


वेदांष गुप्ता।


आर्यन यादव।

### आज आयेंगे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को दिन में बारह बजे लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। वह यहां पार्टी कार्यकताओं से भी मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की भी समीक्षा करेंगें। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी अपरान्ह तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन के पहले सोमवार पर दर्शन पूजन व यहां सावन मेले से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन करेंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने यहां जारी विज्ञप्ति में दी है।

## खबर संक्षेप

### जबरिया महिला की जमीन जोतना चाहते हैं दबंग

**कौशाम्बी।** सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव की महिला संगीता देवी पत्नी सूबेदार की जमीन पर दबंग जबरिया कब्जा करना चाहते हैं महिला अपने पति के साथ खेत पर पहुँची तो दबंगों ने उसे गाली गलौज कर मारपीट किया है महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। महिला ने बताया कि रविवार की सुबह अपने पति के साथ खेत पर गई थी जहां खेत में वह दोनों काम कर रहे थे इसी बीच कुराई गांव के विश्राम और उनके बेटे उसके खेत में काम करने से रोका जब विरोध किया तो महिला और उसके पति को लाठी डंडे लात घूसे से जमकर पीटा जिससे दंपति को गंभीर चोटें आई हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गयी है।

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**कौशांबी।** चायल तहसील के समदा गांव का सौखी लाल उम्र 50 वर्ष पुत्र सम्पत लाल रविवार 4 बजे खेत की रोपाई कर रहा था बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से सौखी लाल की आकाशीय बिजली से झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई है! किसान की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# बारिश,सीलन से गिरा पुराना सूखा पीपल का पेड़, दबकर बालिका की दर्दनाक मौत

## पेड़ गिरने से भरभरा कर ढह गया पीड़ित का मकान दब जाने से एक बालक भी हुआ घायल

अखंड भारत संदेश





**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह घर के पास खड़ा पीपल का पुराना सूखा पेड़ अचानक धराशाई हो गया जिसकी चपेट में आने से बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक बालक भी घायल है और मकान भी ढह गया है सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस बचाव एवं राहत कार्य में लग गयी। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के खड़गपुर उचरावा गांव निवासी सोने लाल सपरिवार रहते हैं आज रविवार सुबह उनके घर के पास स्थित पुराना सूखा पीपल का पेड़ बारिश और शीलन से भरभराकर गिर गया जिसकी चपेट में आने से घर के अंदर सो रही बालिका अनामिका उम्र तकरीबन 12 वर्ष पुत्री सोनेलाल दब गई नजदीक सो रहे उसके भाई को भी चोट लगी है।गांव में हल्ला हो गया जब तक पेड़ के नीचे से बालिका को निकाला गया तब तक बालिका की दर्दनाक मौत हो गई सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली सैनी पुलिस कागजी कार्रवाई में जुट गई है परिजनों में कोहराम मचा हुआ है पेड़ गिरने से पीड़ित का मकान भी ढह गया मृतक बालिका के पिता सोनेलाल रोजी रोटी के सिलसिले में मौजूदा समय में पूना शहर में है घटना के वक्त सोनेलाल के 2 पुत्र और 1 पुत्री अनामिका घर के अंदर सो रहे थे माता और बूढ़ी दादी घर के काम से बाहर खेत की ओर गयी थी जैसे ही हादसे की जानकारी मिली बूढ़ी दादी और मां रोते बिलखते घर पहुंच गयी।

# नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी के बेटे ने महिला से दिनदहाड़े किया रेप

अखंड भारत संदेश

**मुकदमा दर्ज करने के बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने शुरू किया जांच**

**नगर पालिका मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी के विरुद्ध हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल करने के बाद महिला ने झूठी तहरीर देकर रेप की रची साजिश**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दशरथ लाल के बेटे ने तीन दिन पहले दिनदहाड़े एक महिला से रेप किया है दिनदहाड़े रेप की जानकारी मिलते ही कस्बे में हड़कंप मच गया मामले की शिकायत पुलिस से हुई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जांच के दौरान आरोपी के पिता को पुलिस ने कोतवाली बुलाया और काफी देर से पूछताछ की है बताया जाता है कि नगर पालिका के अध्यक्ष प्रत्याशी दशरथ लाल ने अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी के विरुद्ध हाईकोर्ट में उनके निर्वाचन को लेकर रिट याचिका दाखिल की है जिससे दशरथ लाल के खिलाफ साजिश रची जानी शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज शहर के एक मोहल्ले के रहने वाली एक महिला दो दिन पहले नवोदय विद्यालय टेवा मंझनपुर में बच्चे का एडमिशन कराने प्रयागराज से मंझनपुर आई थी मंझनपुर चौराहे पर महिला नवोदय विद्यालय जाने का रास्ता पूछ रही थी इसी बीच लग्जरी वाहन में सवार एक युवक ने उसे नवोदय विद्यालय का झांसा देकर अपने वाहन में बिठा लिया और रास्ते में महिला के साथ युवक ने बलपूर्वक रेप किया है बताया जाता है कि रेप करने वाला युवक नगर पालिका मंझनपुर के अध्यक्ष पद के पूर्व में रहे प्रत्याशी दशरथ लाल का बेटा है घटना के बाद महिला अपने घर रोते हुए चली गई उसके बाद पुलिस से शिकायत की है,शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है लेकिन मामला राजनीतिक लग रहा है महिला ने इसकी लिखित शिकायत मंझनपुर कोतवाली पुलिस से की है।शिकायती पत्र मिलने के बाद पुलिस मामले से जांच में जुट गई है।पीड़िता महिला ने शिकायती पत्र में बताया है कि उसके बच्चे के एडमिशन के लिए उक्त युवक ने मदद का भरोसा दिया और कहा कि इसके पिता शिक्षा विभाग में है और उसने उनसे फोन से बात भी कराई और एडमिशन करा देने के लिए कहा,जिसके बाद वह उसके साथ गाड़ी में बैठ गई,युवक और उसके ड्राइवर ने गाड़ी को खराब होने का बहाना बताकर उसे सुनसान जगह की तरफ ले गए और युवक ने तमंचा सटाकर उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया वही महिला से शिकायती पत्र पाकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है लेकिन मामला राजनीति से प्रेरित बताया जाता है इस संबंध में जब दशरथ लाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी के विरुद्ध हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई जिससे बौखलाए वीरेंद्र फौजी के साजिश के तहत महिला ने झूठी तहरीर देकर रेप की साजिश रची है।

# जांच करती रह गई पुलिस लाठी के दम पर दबंगों ने बंद कर दिया दरवाजा

अखंड भारत संदेश



**आधा दर्जन दबंग जबरिया कर रहे निर्माण विरोध करने पर लाठी लेकर दौड़ाया**

**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर बजहा गांव में अवैध निर्माण की शिकायत के बाद पुलिस जांच करती रह गई है और दबंगों ने दरवाजे के बाहर दीवार खड़ी करके दरवाजा बंद कर दिया है निर्माण का विरोध करने पहुंचे युवक को दबंगों ने लाठी लेकर दौड़ा लिया है लेकिन पुलिस मामले में केवल जांच करती रह गई है दबंगई के दम पर दीवार खड़ी करके युवक का दरवाजा बन्द कर दिया गया न्याय के लिए थाने पहुंच कर युवक ने विपक्षियों के विरुद्ध लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया पुलिस केवल मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर बजहा निवासी जगराज सिंह उर्फ पप्पू यादव के घर के दरवाजे के सामने गांव के ही रोशन लाल व ओमप्रकाश पुत्रगण राम नारायन व हिमांशु पुत्र करन सिंह व जय सिंह पुत्र मुन्नी लाल व शिवा , देवा पुत्रगण विजय सिंह व वीरेंद्र पुत्र साहेब लाल ये सभी लोग एकजुट होकर जगराज सिंह के दरवाजे के सामने दबंगई के बल पर निर्माण कार्य कर रहे हैं 'जगराज सिंह के मना करने पर दबंगों ने लाठी ले कर गाली गलौज देते हुए जान से मरने की नियत से दौड़ा लिए, जगराज सिंह उर्फ पप्पू यादव अपनी जान बचाकर भाग आया जगराज ने डायल 112 पर फोन करके मौके पर पुलिस बुलाया। डायल 112 के कर्मियों के आने पर दबंगो ने काम बंद कर दिए। डायल 112 के जाने के बाद विपक्षी लोगों ने निर्माण कार्य पुनः शुरू कर दिए। उक्त दबंगों ने जगराज का दरवाजा बन्द कर दिए हैं पीड़ित के शिकायती प्रार्थना पत्र पाते ही पुलिस जांच में जुट गई है।

# गृह जनपद में पंचायत सचिव लेखपाल कानूनगो शिक्षक की तैनाती कहां तक है सही!

अखंड भारत संदेश




**पुलिस महकमे में तो पड़ोसी जनपद में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती पर लगाई गई है रोक**

**गृह जनपद में रहने वाले रिश्तेदार परिचित साथियों का इन अधिकारियों पर ज्यादा होता है दबाव**

**कौशाम्बी।** एक तरफ शासन का कहना है कि अधिकारी कर्मचारी अपने गृह जनपद में तैनात रहेंगे तो स्थानीय रिश्तेदार नातेदार परिचित लोगों से गहरा लगाव होगा रिश्तेदार नातेदार उनपर बेवजह गलत कार्य कराने का नाजायज दबाव बनाएंगे जिससे अधिकारियों कर्मचारियों की तैनाती गृह जनपद से बाहर की जाए पुलिस महकमे में तो पड़ोसी जनपद में भी तैनाती पर रोक लगाई गई है लेकिन इसके विपरीत पंचायत सचिव राजस्व कानूनगो राजस्व लेखपाल और शिक्षकों की तैनाती गृह जनपद में की गई है जिससे गृह जनपद में रहने वाले रिश्तेदार परिचित साथियों का दबाव इन अधिकारियों पर ज्यादा होता है शिकायत करने पर पीड़ित पर धौस जमाते हैं रिश्तेदार नातेदार शिकायत कताओं के घर चले जाते हैं स्थानीय होने के चलते शिकायतकर्ताओ पर यह कर्मचारी भारी पड़ जाते है किसी भी मामले में कमजोर नहीं होते हैं जिससे काम चोरी और भ्रष्टाचार इनकी नसों में कूट-कूट कर भरा हुआ है विधानसभा लोकसभा चुनाव हो या पंचायत चुनाव हो राजस्व लेखपाल राजस्व कानूनगो शिक्षक और पंचायत सचिव की ड्यूटी बढ़ चढ़कर लगाई जाती है स्थानीय होने के नाते प्रत्याशी का दबाव इन पर रहता है और चुनाव के दौरान यह किसी खास का सहयोग कर गोपनीय तरीके से चुनाव परिणाम बदलने में इन्हें महारत हासिल हैं स्थानीय होने के नाते बड़े अधिकारियों का इन पर ज्यादा दबाव नहीं चल पाता है गृह जनपद में तैनाती के चलते राजस्व लेखपाल राजस्व कानूनगो शिक्षक और पंचायत सचिव राजनीति में भी बड़ी दखल रखते हैं और समय पड़ने पर नेताओं की सिफारिश पर आला अधिकारियों को भी मात देने में पीछे नहीं रहते हैं जिससे गृह जनपद में तैनाती के मामले में शासन को फिर से विचार किए जाने की जरूरत है कि आखिर गृह जनपद में पंचायत सचिव राजस्व लेखपाल राजस्व कानूनगो और शिक्षकों की तैनाती कहां तक सही है।

# 20 करोड़ के हो रहे रेडीमेड के व्यापार से अफसर अनजान

अखंड भारत संदेश

**चरवा पुलिस का कहना है बेटी बेचो बेटा बेचो खेत बेचो लेकिन रेडीमेड कारोबारी द्वारा मांगी जा रही रकम उसे अदा करो**



**कौशाम्बी।** जिले के चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा कला गांव में बीते दो दशक से रेडीमेड का बड़ा व्यापार हो रहा है सैकड़ों कर्मचारियों और साझेदारों को लगाकर पूरे भारत देश में यहां से रेडीमेड कपड़ो की सप्लाई होती है बताया जाता है कि बीस करोड़ रुपए से अधिक का व्यापार सिरियावा कला गांव से होता है लेकिन उसके बाद भी व्यापार कर अधिकारी समेत विभिन्न विभाग के अधिकारी इस बड़े व्यापार से अनजान है बताया जाता है कि रेडीमेड का पूरा व्यापार टैक्स चोरी के माध्यम से चलाया जाता है जिसमे करोड़ों रुपए की चोरी होती है लेकिन बीते दो दशक से बड़े पैमाने पर हो रही टैक्स चोरी के मामले में अफसर अनजान बने हुए हैं इलाके के बेरोजगार लोगों को साझेदारी देकर अपने धंधे को बढ़ाने में कारोबारी हातिम सहयोगी बना लेता है उनसे व्यापार करवाता है जिसमें बड़े पैमाने पर टैक्स की चोरी होती है बताया जाता है कि 20 करोड़ के व्यापार में लगा कारोबारी हातिम उर्फ मोहम्मद नसीम बाद में बेरोजगारों के साथ बेईमानी करने लगता है गांव के सनाउल हक के साथ भी बेईमानी होने लगी बीते दिनों सनाउल हक ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में हातिम उर्फ नसीम के बीस करोड़ के रेडीमेड के काले कारोबार व्यापार की कारगुजारी खोल दी है रेडीमेड के काले कारोबार की उस समय पोल खुल गई जब साझीदारों ने उससे हिस्से बंटवारे की रकम मांगना शुरू कर दिया बेरोजगार साझीदार को उसके हिस्से की रकम ना देना पड़े इसी लिए साझीदार सनाउल हक को 2 जुलाई को पीटा गया है इतना ही नहीं चरवा पुलिस ने व्यापार कर चोरी करने वाले मोहम्मद हातिम उर्फ मोहम्मद नसीम की तहरीर पर पीड़ित सनाउल के अब्बू को थाने बुला लिया और सादे कागजात में हस्ताक्षर कराते हुए समझौता पत्र तैयार करके रकम देने का दबाव बनाया पीड़ित ने अधिकारियों को भेजे पत्र में बताया कि उसके अब्बू को जबरिया पुलिस चरवा थाने उठा ले गई है शिकायती पत्र में पीड़ित ने बताया कि चरवा पुलिस का कहना है बेटी बेचो बेटा बेचो खेत बेचो लेकिन रेडीमेड कारोबारी द्वारा मांगी जा रही रकम उसे अदा करो।

# आला अधिकारी ने जांच कराई तो थाना और चौकी पुलिस पर गाज गिरना तय

अखंड भारत संदेश




**महिला की मौत का मामला**

**महिला की बेटी के साथ पहले बलात्कार अपहरण फिर मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला की मौत का यह पूरा प्रकरण बड़ा गंभीर है**

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव में 19 जून को बलात्कार का मुकदमा लिखाने वाली महिला को समझौता के नाम पर 2 जुलाई को आरोपियों द्वारा अपने घर पुरैनी बुलाने के बाद उसकी जहर की तीब्रता से मौत के बाद थाना और चौकी पुलिस द्वारा की जा रही बचकानी बातों के बाद तमाम सवाल छोड़ दिए हैं लेकिन उसके बाद भी थाना पुलिस ने बलात्कार करने वाले लोगों के सहयोगी के बयान पर इस पूरे मामले को महिला द्वारा स्वयं जहर खाकर आत्महत्या करना साबित कर दिया और बलात्कार करने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की धारा लगाकर जेल भेज दिया महिला की बेटी के साथ पहले बलात्कार अपहरण फिर मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला की मौत का यह पूरा प्रकरण बड़ा गंभीर है बेटी का अपहरण बलात्कार और मुकदमा लिखाने के बाद महिला की मौत के मामले में पिपरी थाना और स्थानीय चौकी पुलिस चायल की भूमिका सवालों के घेरे में है बलात्कार का मुकदमा दर्ज होने के 12 दिन बाद तक आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी और बलात्कार का मुकदमा लिखाने वाली महिला को समझौता के लिए बलात्कार के आरोपियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जाता रहा है स्थानीय पुलिस की भी भूमिका इस मामले में सवालों के घेरे में है 2 जुलाई को दबाव में महिला आरोपियों के घर पहुंची जहां जहर की तीब्रता से महिला की मौत हो गई पुलिस का कहना है कि समझौता करने गई महिला ने खुद जहर खा लिया है लेकिन सवाल यह उठता है कि समझौता करने गई महिला को जहर कहां से मिला उसे जहाज खाते किसने देखा है किसके बयान पर पुलिस इस बात को बड़े दावे से कह रही है कि महिला ने खुद जहर खाकर आत्महत्या कर लिया है। आखिर महिला पर समझौते का किसका दबाव था किसके दबाव के बाद महिला आरोपियों के घर समझौता के लिए गई थी इस बात की जांच कर खुलासा किया जाना आवश्यक है लेकिन अभी तक इस प्रकरण पर जांच करके खुलासा करने का प्रयास पुलिस अधिकारियों ने नहीं किया है सवाल उठता है कि समझौते के नाम पर महिला को घर बुलाने वाले बलात्कार के आरोपियों ने महिला को जहर खिलाने के बाद कही साजिश रचना तो नहीं शुरू कर दिया है और पुलिस बलात्कार के आरोपियों की साजिश का शिकार हो गई या फिर कहीं योजनाबद्ध तरीके से साजिश रच कर समझौते के बहाने महिला को बुलाकर जहर तो नहीं खिलाया गया है इस बारे में पुलिस को जांच किए जाने की जरूरत थी लेकिन इस गंभीर बिंदु पर अभी पुलिस महकमे ने जांच नहीं की है बलात्कार करने वालों के घर पर मौजूद उनके खासम खास लोगों के बयान पर पुलिस ने इस मामले को आत्महत्या साबित करने की पूरी रणनीति बना ली है मामले को लेकर स्थानीय थाना पिपरी और स्थानीय पुलिस चौकी चायल की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं आखिर बिना साक्ष्य और सबूत के पुलिस इस बड़े गंभीर मामले में जल्दबाजी में बयानबाजी कर महिला के जहर खाकर आत्महत्या किए जाने की बात को क्यों बल दे रही है इसके पीछे थाना और पुलिस चौकी का क्या स्वार्थ छिपा हुआ है यह बड़ी जांच का विषय है यदि इस संपूर्ण प्रकरण पर पुलिस अधिकारियों ने सूक्ष्म जांच कराई तो थाना और चौकी पुलिस के गुनाहों की कलाई परत दर परत खुलना तय है।

# बारिश के चलते भरभरा कर गिरा कच्चा घर

अखंड भारत संदेश

**नरेंद्र मौर्या प्रधान के समय प्रधानमंत्री आवास योजना में हमेशा होता रहा पक्षपात**



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के नेवादा विकासखंड अंतर्गत बरियावां गांव में बारिश के चलते राज लाल केशरवानी पुत्र बचाई लाल केसरवानी का कच्चा घर भरभरा कर गिर पड़ा है जिससे घर के अंदर रखे गृहस्थी के सामान मकान के मलबे में दब गए हैं बताया जाता है कि तमाम प्रयास के बाद भी बचाई लाल के पुत्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है जिससे उनका परिवार खंडहर नुमा कच्चे घर में रहने को मजबूर है राज लाल का जर्जर हो चुका कच्चा घर बारिश के चलते रविवार को भरभरा कर गिर गया है जिससे लाखों रुपए का नुकसान बताया जाता है बचाई लाल के दूसरे पुत्र बृजेंद्र केसरवानी को भी तमाम प्रयास के बाद प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का घर नहीं मिल सका है उनके कच्चे घर की दीवारें भी जर्जर है और कभी भी बृजेंद्र केसरवानी का कच्चा घर भरभरा कर गिर सकता हैं जिससे परिवार के लोगों के बीच दहशत व्याप्त है लेकिन पूर्व ग्राम प्रधान भाजपा नेता नरेंद्र मौर्या के घटिया मानसिकता के चलते गांव के गरीबों कच्चे घर वालों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है नरेंद्र मौर्या प्रधान के समय हमेशा पक्षपात होता रहा जिससे प्रधानमंत्री आवास का लाभ पात्रों को नहीं मिल सका है और अपात्र प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने में सफल होते रहे हैं बरियावां गांव में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की जरूरत है लेकिन वर्तमान अधिकारी भी बारियावा गांव के गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने में सफल होते नहीं दिख रहे हैं जिससे पीएम आवास योजना की धज्जियां उड़ रही हैं।

## न्यूज झरोखा

### मुहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत मंझनपुर सीओ की मौजूदगी मे पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना में रविवार को मुहर्रम के त्यौहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर भी मौजूद रहे और उन्होंने लोगों से मोहर्रम के त्योहार के कुशलता के बारे में जानकारी ली। करारी थाना क्षेत्र के ताजियादार मौलवी व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग करारी थाना मे कोतवाल गणेश प्रसाद सिंह वा सीओ मंझनपुर की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में ताजिया दरों मौलवी वा क्षेत्र के उपस्थित लोगों से त्यौहार के बारे में जानकारी ली और शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की। बैठक के दौरान मदरसा प्रिंसिपल इमरान कुरैसी, नैयर रिजवी, एजाज कुरैसी, मंजर अब्बास मोङ्म कमल, इरसाद अहमद प्रधान, अफरोज रिजवी मेंहदी तकवीर वकील, फतेह रिजवी , इस्मैल प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मुकदमा दर्ज होने के बाद बलात्कारी को गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस!

**अदालत के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी समेत तीन लोगों पर सराय अकिल पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म का दर्ज किया मुकदमा**



**कौशांबी।** तीन वर्षों पूर्व सराय अकिल थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सराय अकिल लालजी यादव के विरुद्ध अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया अदालत के निर्देश पर सराय अकिल पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन बलात्कार के आरोपी अधिशासी अधिकारी लालजी यादव को 3 दिन बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है मामला 3 वर्ष पुराना है 3 वर्षों तक पुलिस से पीड़ित महिला को न्याय नहीं मिला अब अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज करने के बाद भी आरोपी अधिशासी अधिकारी लालजी यादव की गिरफ्तारी थाना पुलिस नहीं कर सकी है जबकि मामूली बातों में पुलिस तेजी दिखाते हुए आरोपियों को जेल भेज देती है आखिर बलात्कार करने वाले अधिषासी अधिकारी से थाना पुलिस का इतना लगाव क्यों है

### मनौरी बाजार में बड़े पैमाने पर सोने -चांदी के आभूषण में होती है मिलावट खोरी



**कौशाम्बी।** सोना और चांदी का भाव आसमान चूम रहा है। दिन - प्रतिदिन इसकी कीमत में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। सोने - चांदी से बने आभूषण जब सामान्य लोग खरीदते हैं तो उनके पसीने छूट जाते हैं। अत्यधिक महंगा होने के बाद भी सोने - चांदी के आभूषण में मिलावटखोरी करने से सर्राफ कारोबारी बाज नहीं आ रहे हैं। शादी - विवाह के समय जरूरतमंद लोग जल्दबाजी में सोने - चांदी के आभूषण खरीद तो लेते हैं लेकिन कुछ महीने बाद रंग धूमिल होने पर पता चलता है कि उसके द्वारा खरीदे गए आभूषण में मिलावट खोरी की गई है तो ग्राहक परेशान हो उठता है। सोना - चांदी में मिलावटखोरी करने वाले सर्राफ कारोबारी आभूषण खरीदने वाले ग्राहक को पक्की रशीद नही देते जिसके कारण उनके खिलाफ ग्राहक केश भी दर्ज नही करा सकता और किसी प्रकार से केश दर्ज भी करा दिया तो मिलावटखोरी करने वाला सर्राफ कारोबारी कानूनी प्रक्रिया से बच निकलेगा क्योंकि वह आभूषण बेचते समय पक्की रशीद नही देता। मामला पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी अंतर्गत मनौरी बाजार का है जहां पर एक दर्जन से अधिक सर्राफ की दुकान है और सोने - चांदी के आभूषण बनते व बिकते हैं लेकिन कुछ दुकानों पर सोने - चांदी से बने आभूषण में मिलावटखोरी की जाती है जिससे ग्राहकों को भारी चपत लगती है तो वहीं मिलावटखोरी करने वाले दुकानदार मिलावटखोरी कर मालामाल हो रहा हैं।

### पूर्व सांसद ने जनसत्ता दल के लोगों के साथ फौजी प्रधान के आवास पर की बैठक



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत चंदीपुर परसरा में लालचंद फौजी प्रधान के आवास पर पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार ने जनसत्ता दल पार्टी के कार्यकताओं पदाधिकारियों साथ बैठक में शामिल हुए और उपस्थित लोगों से अनौपचारिक वार्ता की पूर्व सांसद और जनसत्ता दल के पदाधिकारियों कार्यकताओं की एक बैठक में नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र के कई गांव के ग्राम प्रधान अपने समर्थकों और ग्रामीणों के साथ उपस्थित हुई और विभिन्न मुद्दों में चचाएं हुई। इस अवसर पर जनसत्ता दल किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह ने कहा कि आगामी 2024 लोक सभा चुनाव में कौशांबी लोकसभा सीट से जनसत्ता दल के प्रत्याशी पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार होंगे उन्होंने कहा कि आने वाला लोकसभा चुनाव जनसत्ता दल के बैनर तले दमखम के साथ लड़ा जाएगा और विपक्षियों के दांत खट्टे कर दिए जाएंगे। बैठक के दौरान बलबीर सिंह ने कहा कि जनसत्ता दल पार्टी की उत्तर प्रदेश में किसी राष्ट्रीय पार्टी से गठबंधन की बात चल रही है संभावना ब्यक्त की जा रही है कि गठबंधन जरूर होगा और कौशांबी जनसत्ता दल को मिलेगी उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता है तो पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार हमेशा की तरह जनता के दुख दर्द में खड़े दिखाई पड़ेंगे लालचंद फौजी प्रधान ने कहा कि लोकप्रिय नेता पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार हमेशा जनता के दिलों दिमाग में बसे रहे हैं और बसे रहेंगे इसमें कोई संदेह नहीं है इस अवसर पर भैय्या लाल त्रिपाठी बहादुर सरोज शंकर लाल अग्रहरि रामपुर सुहेला के प्रधान वा कोटेदार राम बाबू असवा के प्रधान चमरूपुर मौली के प्रधान नगर पालिका परिषद भरवारी के मझियावा के तमाम ग्रामीणों ने बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त किया।

### सीओ सिराथू ने किया कोतवाली सैनी में पीस कमेटी की बैठक



**अझुवा कौशांबी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा द्वारा आगामी मोहर्रम त्यौहार के दृष्टिगत सभी समुदाय के धर्म गुरुओ, ताजियादारो, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए सैनी कोतवाली में पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। सभी को शासन के निदेर्शों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अंकिता पाठक,कोतवाल सुभाष चौरसिया,चौकी प्रभारी अझुवा अरुण कुमार मौर्य सहित खिलाकर के तमाम लोग मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत

**कौशांबी।** चायल तहसील के ग्राम पंचायत बलीपुर टाटा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से डब्लू पासी पुत्र सुख्खा पासी की भैंस की मौत हो गई है भैस की कीमत लगभग तीस हजार रुपए बताई जाती है।

संपादकीय

# भारतीय खिलाड़ियों का हौसला

**पिछले** दिनों खेल जगत से आई दो खबरों ने हरेक भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। पहली खबर थी कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने इस साल का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लुसाने डायमंड लीग भी जीत लिया। नीरज चोपड़ा ने 87.66 मीटर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोट के बाद भी वापसी करते हुए नीरज चोपड़ा ने दूसरा डायमंड लीग जीता। इससे पहले दोहा डायमंड लीग में उसने 88.67 मीटर भाला फेंका था। दूसरी खुशी दी भारत की फुटबॉल टीम ने। भारत ने कुवैत को हराते हुए नौवीं बार सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम पर कर लिया । दोनों ही टीमें 90 मिनट के बाद भी एक्स्ट्रा टाइम तक 1-1 के स्कोर पर बराबर थीं । ऐसे में मैच का नतीजा पेनल्टी शूटआउट से निकला, जहां भारत ने अपने घरेलू दर्शकों के बीच कुवैत को 5-4 से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में भी भारत ने लेबनान को

पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। भारत को खेल के मैदान में चौतरफा मिल रही सफलताएं साबित करती हैं कि भारत में खेलों पर सरकार और निजी क्षेत्र पर्याप्त ध्यान दे रहा है। ये दोनों खेलों के विकास पर इनवेस्ट भी कर रहे हैं। ये कोई बहुत पुरानी बातें नहीं हैं जब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में भारत की लगभग सांकेतिक उपस्थिति ही रहा करती थी। हम हॉकी में तो बेहतर प्रदर्शन कर लिया करते थे, पर शेष खेलों में हमारा प्रदर्शन प्रायः औसत ही रहता था। हमारे खिलाड़ियों- अधिकरियों की टोलियां बड़े खेल आयोजनों में जाकर खाली हाथ वापस आ जाया करती थी। हिन्दुस्तानी खेल प्रेमियों की निगाहें तरस जाती थीं, एक अदद पदक को देखने के लिए। पर गुजरे एक दशक से स्थितियां तेजी से बदल रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हम बैडमिंटन जैसे खेल में विश्व चैंपियन बनने लगे हैं, हमारा धावक ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है और क्रिकेट में तो हम विश्व की सबसे बड़ी शक्ति हैं ही। हमारी बेटियां वेटलिफ्टिंग तथा कुश्ती जैसी स्पधाओं में देश की झोली पदकों से भर देती हैं। हम बड़े खेल आयोजन भी कर रहे हैं। हमने पिछले साल चेन्नई में 44वें शतरंज ओलंपियाड का आयोजन किया।

जो पहली बार भारत में हुई। शतरंज ओलंपियाड चेन्नई से 50 किलोमीटर दूर मामल्लापुरम में हुआ और इसमें रिकॉर्ड खिलाड़ियों ने भाग लिया। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारत को गोल्ड मेडल दिलवाया। उनकी उपलब्धि पर सारा देश गर्व कर रहा है। हमने 2022 में थॉमस कप जीता था। लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, एच एस प्रणय और सात्विक साईराज, रंकी रेड्डी-चिराग शेट्टी ने जो धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया उसने उस धारणा को धराशायी कर दिया कि भारतीय खेलों के लिए नहीं बने हैं

लंबे समय से हम भारतीयों ने अपने मन में इन भ्रांतियों को पनपने भी दिया। कहा जाता रहा है कि भारतीयों में वह जीतने वाला दम-खम नहीं होता। हम सिर्फ देश में ही अच्छा खेलते हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेकार साबित होते हैं। अफसोस कि हमने खुद दूसरों को अपने ऊपर हंसने का पूरा मौका दिया है। हमने इस साल उड़ीसा में विश्व हॉकी चैंपियनशिप को भी आयोजित किया। अब हम विश्व कप क्रिकेट चैंपियनशिप की भी मेजबानी करने जा रहे हैं। 2023 क्रिकेट विश्व कप आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का 13वां संस्करण होगा, जिसे अक्टूबर और नवंबर 2023 के दौरान आयोजित किया जाना है।यह पहली बार होगा जब प्रतियोगिता पूरी तरह से भारत में आयोजित की जानी है। पिछले तीन संस्करणों 1987, 1996 और 2011 में भारत आंशिक रूप से मेजबान था। मूल रूप से, टूनार्मेंट 9 फरवरी से 26 मार्च 2023 तक खेला जाना था।लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण जुलाई 2020 में, तिथियों को अक्टूबर और नवंबर में स्थानांतरित कर दिया गया। याद कीजिए कि हमने कुछ साल पहले फीफा अंडर 17 विश्व कप का भी आयोजन किया था।

बहरहाल, ये कहना पड़ेगा कि भारत खेलों में चौतरफा स्तर पर आगे बढ़ रहा है। हमारे खिलाड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज कर रहे हैं। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन भी सफलतापूर्वक तरीके से आयोजित कर रहे हैं।

पर मुझे एक बात कहने दें कि हमें अपने बड़े-विशाल स्टेडियमों का सही से इस्तेमाल करने पर फोकस करना होगा। मतलब ये कि इनमें युवा उदीयमान खिलाड़ी आराम से आकर अभ्यास कर सकें। देश की राजधानी दिल्ली में 1951 के पहले एशियाई खेलों के बाद 1982 में एशियाई खेल हुए और फिर 2010 में कॉमनवेल्थ खेल आयोजित किए गए। इनके आयोजन पर हजारों करोड़ रुपया खर्च हुआ ताकि विभिन्न स्टेडियम आदि बन सकें। 1982 के एशियाई खेलों के सफल आयोजन के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, करणी सिंह शूटिंग रेंज वगैरह का निर्माण हुआ था। कॉमनवेल्थ खेलों के समय पहले से बने स्टेडियमों को नए सिरे से विकसित किया गया। पर इतने भव्य आयोजनों के बाद भी दिल्ली से विभिन्न खेलों में श्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं निकल पाए। दिल्ली को लघु भारत भी कहा जा सकता है। यहाँ देशभर के भारतीय नागरिक रहते हैं। यह स्थिति अफसोस जनक है कि दिल्ली से भारत को नामवर खिलाड़ी नहीं मिल रहे हैं। इसके साथ ही एक राय ये भी है कि राजधानी में जो बड़े-बड़े स्टेडियम बने उनमें खिलाड़ियों को आराम से प्रैक्टिस की सुविधा नहीं मिल पाती। यह स्थिति फौरन खत्म होनी चाहिए। देश के बाकी सभी शहरों- महानगरों में बने स्टेडियमों को खिलाड़ियों स दूर रखने का क्या मतलब है। मुझे एक बार राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कुछ अफ्रीकी नौजवान मिले। वे सब भारत में पढ़ रहे थे। वे अफ्रीकी नौजवान स्टेडियम के बाहर व्यायाम कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि हम बेहतर खिलाड़ी इसलिए नहीं निकाल पाते क्योंकि हमारे यहां विश्व स्तरीय स्टेडियम नहीं है।

# टमाटर की मार



देश भर में टमाटर की कीमतों में जबरदस्त इजाफे के बीच तमिलनाडु सरकार ने राज्य की 82 दुकानों में कम दाम में टमाटर की बिक्री करने का फैसला किया है। मंगलवार से फार्म फ्रेश की इन दुकानों पर 60 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर की बिक्री शुरू कर दी है। हालांकि जो टमाटर पहले 20-30 रूपए किलो मिल जाते थे और उससे भी पहले इतने सस्ते होते थे कि किसानों को टमाटर बेचने से नुकसान होता था और वो अपनी उपज को सड़कों पर फेंक देते थे, उस टमाटर के लिए 60 रूपए प्रति किलो का दाम भी आम आदमी के लिए अधिक ही है। मगर फैज साहब के शब्दों में कहें तो इस खबर को सुनकर वैसा ही लगा, जैसे बीमार को बेवजह करार आ जाए। देश में महंगाई किसी मर्ज से कम नहीं है, जिसके मरीज आम भारतीय ही बन रहे हैं और इसका कोई इलाज मोदी सरकार के पास नहीं है, ये तय है। मोदीजी मणिपुर का म नहीं कहते तो महंगाई का म भी नहीं कहेंगे। उनके लिए म से केवल मन की बात होती है और इसमें महंगाई की बात कही नहीं होती। बल्कि आश्चर्य नहीं होना चाहिए, अगर इस महीने के मन की बात में वे भारतीयों को टमाटर खाने के नुकसान न गिनाने लग जाएं। जब वित्त मंत्री प्याज से परहेज कर सकती हैं, तो प्रधानमंत्री टमाटर का त्याग कर ही सकते हैं। एक समाचार चैनल और भाजपा समर्थक अखबार ने तो बाकायदा एक खबर ही ऐसी चला दी कि कैसे पहले के जमाने में लोग टमाटर को जहर मानते थे और टमाटर गरीबों का भोजन माना जाता था। जब पाकिस्तान में टमाटर महंगा हुआ तो ऐसे मीडिया घरानों को आम पाकिस्तानियों की तकलीफ फौरन नजर आ गई कि वहां टमाटर खरीदना कैसा मुश्किल हो रहा है। लेकिन अब अपने ही देश में टमाटर डेढ़ सौ रूपए किलो तक मिल रहा है। पेट्रोल के दाम और टमाटर के दाम में आगे निकलने की होड़ है, तो सरकार के पिट्ठु पत्रकारों को आम हिंदुस्तानियों की तकलीफ नजर नहीं आती। इसलिए तमिलनाडु सरकार का सस्ते में टमाटर बेचने का फैसला थोड़ी राहत तो जनता को दे ही देगा। कई राज्यों की भाजपा सरकारें तो केंद्र सरकार का ख्याल रखते हुए ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगी, लेकिन गैर भाजपा सरकारों को भी तमिलनाडु का अनुसरण करना चाहिए। वैसे पिछले दिनों केवल टमाटर ही नहीं बाकी सब्जियों के दाम भी बेतहाशा बढ़ गए हैं। इसके अलावा दालों की कीमतों में भी उछाल देखने को मिल रहा है। ये तेजी खास तौर से पिछले दस दिनों में देखने मिली है। दाल, सब्जी, फल, दूध-दही सब कुछ आम जनता की पहुंच से दूर हो रहा है। लेकिन सरकार की प्राथमिकता में महंगाई पर काबू की बात कहीं नहीं दिख रही है। न ही सरकार इस बात को बर्दाश्त कर रही है कि कोई और जनता को होने वाली तकलीफ पर आवाज उठाए। मंगलवार को दिल्ली में भाजपा मुख्यालय के बाहर कांग्रेस की महिला कार्यकताओं ने टमाटर समेत सभी सब्जियों के दाम बढ़ने पर विरोध प्रदर्शन करना चाहा, तो दिल्ली पुलिस ने ऐसा करने से न केवल उन्हें रोका, बल्कि पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिलाओं के साथ झड़प की, जो कानूनन गलत है। किसी भी महिला पर कोई पुरुष पुलिसकर्मी कार्रवाई करे, यह गैरकानूनी है। मगर मोदीराज में सब मुमकिन दिख रहा है। हमारी महिला चैंपियन पहलवानों के साथ जिस तरह का दुर्व्यवहार किया था वो पूरे देश ने देखा। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही महिला कांग्रेस कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार करने के लिए पुरुष अधिकारियों को भेजकर सभी प्रोटोकॉल तोड़ दिए जबकि वे सभी तो सिर्फ शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करने के अपने अधिकारों का प्रयोग कर रही थीं। इस बारे में दिल्ली पुलिस का तर्क है कि कांग्रेस के पास विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं थी। महिला कांग्रेस की नेता में से कुछ ने मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी की। हमने ऐसे में सिर्फ अपना काम किया। घटनास्थल पर महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद थीं।

दिल्ली पुलिस के इस बयान को सुनकर यकीन हो जाता है कि हम नए भारत में ही रह रहे हैं, जहां महंगाई जैसे जरूरी मुद्दे पर अपनी आवाज उठाने के लिए भी अनुमति लेनी होगी। निश्चित ही मोदी सरकार को इस बात का बिल्कुल एहसास नहीं है कि इस बेतहाशा महंगाई से लोगों के बजट पर, उनकी जीवनशैली पर कितना गंभीर असर पड़ रहा है।

सरकारी आंकड़ों में महंगाई को लेकर चाहे जितनी बाजीगरी की जाए, अगर लोगों को वास्तव में चीजें किफायती दामों पर नहीं मिलेंगी, तो वे अपने खानपान में कटौती करने लगेंगे। अभी ऐसा ही हो रहा है अब लोग डेढ़ सौ में टमाटर खरीदने की जगह 25 रूपए में 200 ग्राम टमाटर की प्यूरी खरीद रहे हैं। इसी तरह अदरक-लहसून का पेस्ट, जीरा पाउडर आदि खरीद कर काम चला रहे हैं। क्योंकि बाजार में अदरक, लहसून, जीरा सब बेहद महंगे हो गए हैं। वहीं एफएमसीजी कंपनियां आपदा में अवसर तलाशते हुए छोटे पैकेट या पाउच का वजन घटाकर पुरानी कीमत या फिर दाम बढ़ाकर अपना माल बेच रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रांडेड कमोडिटी के छोटे पैकेट की मांग में इस साल मई में पिछले साल की तुलना में 23 प्रतिशत का उछाल आया है।

भाजपा जितना जोर चुनाव जीतने और हार गई तो सत्ता हथियाने में लगाती है, उतना ही ध्यान अगर देश की वास्तविक समस्याओं पर दे, तो लोगों को अपनी जरूरतों में कटौती की नौबत न आए।

# भारत का चंद्रयान-3 मिशन रचेगा इतिहास

यह संपूर्ण भारत देश और सभी भारतवासियों/भारतीयों के लिए बहुत ही गौरवान्वित करने वाली बात है कि विश्व के पावरफुल कहलाने वाले देश अमेरिका ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की सराहना की है। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में,अमेरिकी अखबार 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम की सराहना करते हुए यह बात कही है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से स्टार्ट-अप विकसित हो रहे हैं और संकेत दे रहे हैं कि वह इस क्षेत्र में व्यापक बदलाव ला सकता है।अखबार ने यहां तक कहा है कि अमेरिका और भारत दोनों ह्यअंतरिक्ष को ऐसे क्षेत्र में रूप में देखते हैं जिसमें भारत उनके परस्पर प्रतिद्वंद्वी चीन को बराबर की टक्कर दे सकता है।' बताता चलूं कि भारत ने वर्ष 1963 में अपना पहला राकेट अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया था। उस समय वह दुनिया की सबसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने वाला लेकिन विश्व का एक गरीब देश माना जाता था। जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो वर्ष 1969 में स्थापित किया गया था। वास्तव में, इसरो देश के अंतरिक्ष अनुसंधान, विकास और उपग्रह कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार है। इसका मुख्यालय कर्नाटक के बेंगलुरु शहर में स्थित है। इसरो उपग्रह संचार, रिमोट सेंसिंग, मौसम पूवार्नुमान और आपदा प्रबंधन में भी शामिल रहा है। इसरो की प्रमुख उपलब्धियों में चंद्रयान -1 व 2 का प्रक्षेपण, मार्श आर्बिटर मिशन, भारतीय क्षेत्रीय नेवीगेशन उपग्रह प्रणाली, जीएसएलवीएमके आदि प्रमुख रहे हैं।आज भारत अंतरिक्ष की दौड़ में सोवियत रूस, अमेरिका, चीन, जर्मनी, फ्रांस, जापान जैसे देशों को एक बड़ी टक्कर दे रहा है और अंतरिक्ष के क्षेत्र में आज शायद ही उसका कोई सानी है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय है कि अखबार ने ह्यविश्व के अंतरिक्ष व्यवसाय में आश्चर्यजनक प्रयासकर्ता' शीर्षक से छपे एक लेख में खुलासा करते हुए यह बात कही है कि भारत में कम से कम 140(एक सौ चालीस)पंजीकृत अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप हैं जिसमें ह्यएक स्थानीय अनुसंधान क्षेत्र भी शामिल है और यह इस क्षेत्र में व्यापक बदलाव ला सकता है।' आज भारत संपूर्ण विश्व में एक वैज्ञानिक शक्ति के केन्द्र में लगातार उभर रहा है। सच तो यह है कि भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों ने संपूर्ण विश्व को अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को लेकर लोहा मनवाया है, जिसके लिए इसरो शानदार बधाई का पात्र भी है। इसरो ने अपने शुरूआती दिनों में बहुत संघर्ष किया था और यह इसरो व इसके वैज्ञानिकों का ही संघर्ष है कि आज हमारा देश अंतरिक्ष कार्यक्रम के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में गिना जाता है। पाठकों को यह जानकर शायद आश्चर्य होगा कि भारत के पहले रॉकेट की लान्चिंग से पहले, उसके कुछ हिस्सों को साइकिल पर ले जाया गया था। यह इसरो के वर्षों के लंबे सफर का ही नतीजा है कि आज इसरो चंद्रमा, और मंगल पर अपने रॉकेट लॉन्च कर रहा है।सबसे बड़ी बात तो यह है कि सबसे कम खर्च में भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रहा है और विश्व को चौंकाया है। आपको जानकर हैरानी होगी कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बहुत ही कम समय में बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे तथा अन्य जगहों पर समूहों में करीब 400 निजी कंपनियां बनाईं हैं और प्रत्येक कंपनी अंतरिक्ष के लिए विशेष स्क्रू, सीलेंट और अन्य उत्पाद बनाने के लिए समर्पित है। जानकारी देना चाहूंगा कि हैदराबाद स्थित स्काई रूट और ध्रुव स्पेस मिलकर भारत के आठ प्रतिशत अंतरिक्ष व्यवसाय में योगदान करतीं हैं। आज भारत के पास बहुतायत में किफायती इंजीनियर हैं, वैज्ञानिक हैं। यहां अपने पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अब भारत बहुत जल्द ही चांद पर उतरने वाली एक और शक्ति बनने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आने वाली 14 जुलाई 2023 को दोपहर बाद 2.35 बजे सतीश धवन केन्द्र श्रीहरिकोटा(आंध्र प्रदेश) से चंद्रयान-3 मिशन के लिए प्रक्षेपण किया जाएगा।लॉन्चिंग के लिए जिस रॉकेट का इस्तेमाल किया जा रहा है, उसका नाम जीएसएलवी-एम के 3 रखा गया है। यह मिशन 75 करोड़ रुपए का है।भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो(इंडियन स्पेस रिसर्च आगेर्नाइजेशन)के प्रमुख सोमनाथ ने बताया हैं कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत इसरो 23 या 24 अगस्त को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करने जा रहा है। ऐसे में भारत चीन जैसे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक बड़ी टक्कर देगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पहले चन्द्र मिशन को 22 अक्टूबर 2008 को आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी सी-11 द्वारा लॉन्च किया गया था। इसे 8 नवंबर 2008 को चंद्रमा की ऑर्बिट में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया था और इसी मिशन के बाद दुनिया ने भारत का लोहा माना था।आज पूरी दुनिया की नजरें भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम(चंद्रयान -3) पर टिकी हुई हैं। यदि भारत का यह प्रयास सफल रहता है तो भारत चांद पर उतरने में कामयाब होने वाली विश्व की चौथी बड़ी शक्ति हो जाएगा। यहां बताता चलूं कि रूस और चीन ने भी कम लागत में रॉकेट लॉन्च करने का ऑफर पेश किया था, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण रूस का अंतरिक्ष कार्यक्रम ठप पड़ गया और इससे ब्रिटेन के वनवेब को भी 230 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ। इसके बाद वनवेब इसरो(इंडियन स्पेस रिसर्च आगेर्नाइजेशन) के पास भेजा गया था। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए सभी प्रकार के निजी उद्यमों को खोलने की घोषणा की थी और भारत ने पिछले साल अंतरिक्ष स्टार्टअप के नए निवेश में 120 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए थे। अब भारत अपने चंद्रयान मिशन को अंजाम तक पहुंचाने जा रहा है। पाठकों बताता चलूं कि इससे पहले चंद्रयान-2 मिशन में आखिरी वक्त पर गड़बड़ी आ गई थी।वास्तव में,जब लैंडर विक्रम चंद्रमा की सतह तक पहुंचने से केवल 2.1 किलोमीटर की दूरी पर था, उसका संपर्क ग्राउंड स्टेशन या यूं कहें कि कंट्रोल रूम से उसका संपर्क टूट गया था, लेकिन इसरो के वैज्ञानिकों ने इस पर भी हिम्मत नहीं हारी और 'बार-बार कोशिश करो, एक दिन सफलता जरूर मिल जाएगी' का पालन करते हुए इस पर अथक काम किया। इसरो अब श्रीहरिकोटा से चंद्रयान- 3 का मिशन को लांच करने जा रहा है। वास्तव में, यह चंद्रयान -2 का ही फालोअप मिशन है।चंद्रयान-3 मिशन में लैंडर तथा रोवर को चंद्रकक्षा के सौ किलोमीटर दायरे तक ले जाया जाएगा। इसके साथ एक वैज्ञानिक उपकरण भी है जिसे लेंडर मॉड्यूल के अलग होने के बाद संचालित किया जाएगा।चंद्रयान-3 के लैंडर में चार पेलोड हैं, जबकि छह चक्कों वाले रोवर में दो पेलोड हैं।आपको बताता चलूं कि चंद्रयान के लैंडर का नाम विक्रम ही होगा, जो भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। इस रोवर का नाम प्रज्ञान होगा।चंद्रयान-3 मिशन सबसे अलग और अपने आप में सबसे खास और महत्वपूर्ण इसलिए है, क्यों कि अब तक दुनिया के जितने भी देशों ने अभी चंद्रमा पर अपने यान भेजे हैं, उन सभी की लैंडिंग चांद के उत्तरी ध्रुव पर हुई है, लेकिन चंद्रयान-3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरे वाला पहला अंतरिक्ष मिशन होगा। चांद के दक्षिणी ध्रुव को टारगेट करने के कारणों की अगर यहां बात करें तो इसके पीछे कारण यह है कि यहां उत्तरी ध्रुव के मुकाबले एक बड़ा छायादार क्षेत्र मौजूद है। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा की सतह के इस क्षेत्र में पानी के स्थायी स्त्रोत पाए जाने की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। इसके अतिरिक्त, वैज्ञानिकों की दक्षिणी ध्रुव में मौजूद गड्ढों में गहरी दिलचस्पी है।उनका मानना है कि इनमें प्रारंभिक ग्रह प्रणाली के रहस्यमयी जीवाश्म रिकॉर्ड मिल सकते हैं। बहरहाल,इस मिशन में एल्गोरिदम को बेहतर किया गया है।यह चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और घूमने में एंड-टू-एंड क्षमता प्रदर्शित करने के लिए चंद्रयान -2 का अनुवर्ती मिशन है। चंद्रयान -3 मिशन में एक स्वदेशी लैंडर मॉड्यूल, प्रोपल्शन मॉड्यूल और एक रोवर शामिल है, जिसका उद्देश्य अंतर-ग्रहीय मिशनों के लिए जरूरी नई तकनीकों को विकसित और प्रदर्शित करना है। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि चंद्र लैंडर से संबंधित उपकरण तापीय चालकता, तापमान को मापने के लिए सरफेस एक्सपेरिमेंट और लैंडर के उतरने के स्थल के आसपास भूकंपीयता को मापेंगे। इस सॉफ्ट लैंडिंग से रोवर तैनात करने की क्षमता है, जो अपनी गतिशीलता से चंद्र सतह का रसायनिक विश्लेषण करेगा। मीडिया के हवाले से पता चला है कि लैंडर और रोवर पर फिट वैज्ञानिक उपकरण चंद्रमा के विज्ञान का अध्ययन करेंगे और दूसरा प्रायोजित उपकरण चंद्रकक्षा से पृथ्वी के सिग्नेचर प्रभाव का अध्ययन करेगा।कहना गलत नहीं होगा कि इसरो का निरंतर प्रयासों से आगे बढ़ना हम भारतीयों को गौरवान्वित करने की बात है।

# क्या समान नागरिक संहिता की आवश्यकता है ?

**डॉ. अजय कुमार मिश्रा**

**देश** के कोने - कोने में यूसीसी यानी समान नागरिक संहिता की चर्चा अपने चरम पर है साथ ही अफवाहों का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है ` हमेशा की तरह पक्ष इसके फायदें बता रहा है तो विपक्ष कई कमियां गिना रहा है` पर देश हित और आम आदमी के हित में क्या यह वास्तव में उपयोगी है इस पर बिना पक्षपात के कोई चर्चा करना नहीं चाह रहा है` एक बड़े तबकें में जहाँ भ्रम की स्थिति है वही अनेकों लोग ऐसे भी है जो विरोध तो कर रहें है पर उनके पास कोई उचित कारण नहीं है` चलिए समझतें है की यह वास्तव में है क्या ? ह्यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) का मतलब है भारत में रहने वाले हर नागरिक के लिए एक समान कानून, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति के क्यों न हो`ह्व इसके लागू हो जाने से शादी, तलाक, बच्चा गोद लेना और उत्तराधिकार से जुड़े मामलों समेत कई विषयों में सभी भारतीयों के लिए एक जैसे नियम हो जायेगें` अभी अलग-अलग धर्म और समुदाय अपने धर्म के नियमों के अधीन चल रहे है जिनसे सभी में व्यापक भिन्नता देखने को मिल रही है` हालाँकि कई धर्मों में मात्र हिन्दू धर्म ने समय के साथ-साथ व्यापक बदलाव किया है और सभी के हितों की रक्षा भी की है समान नागरिक संहिता की आवश्यकता की बात की जाये तो एक दर्जन से भी अधिक मौकों पर माननीय सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट विभिन्न सरकारों को यूसीसी लाने के लिए निर्देशित कर चुकें है वर्ष 2017 में शायरा बानों केस में सुप्रीम कोर्ट कह चूका है की जल्द से जल्द समान्य अचार संहिता लागू किया जाए` वर्ष 2021 में एक हिन्दू जोड़े के तलाक होने के मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भी यूसीसी लाने की बात कही थी` देश के संविधान में निहित आर्टिकल 44 भी इसकी बात करता है` अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई देशों में पहलें से ही यूसीसी लागू है` भारतीय जनता पार्टी के कोर एजेंडों में यूसीसी शामिल रहा है और अपने चुनावी वायदों में किये गए बड़े वादों की पूर्ति वो कर चुकें है जैसे धारा 370 का हटाना, तीन तलाक पर कानून लाना और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया जाना` उनके मुख्य चुनावी वायदों में अब महज यूसीसी ही शेष है। जिसकी लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व आने की पूरी सम्भावना है` ऐतिहासिक रूप से देखे तो लगभग वर्ष 1955 से भारतीय जनता पार्टी इसकी आवश्यकता पर विशेष बल दे रही है` यदि आधुनिकता और वर्तमान आवश्यकताओं को विभिन्न पैमानों पर मूल्यांकित किया जाए जहाँ आज धर्म और जाति के साथ-साथ दशकों पुरानी रूढ़वादी परम्पराएँ खत्म हो रही है ऐसे में विकास में वृद्धि देने और सभी को समान रूप से अधिकार देने की आवश्यकता भी यूसीसी के पक्ष में दिखती है यूसीसी के आ जाने से न केवल सभी को समान रूप से अधिकार मिल जायेगे बल्कि अनेकों विसंगतियों का स्वतः समापन भी हो जायेगा` यदि लाभ की बात करें तो झ हिंदू, मुस्लिम, सिख इसाई समेत सभी धर्मों के लोगों के लिए शादी की एक उम्र हो जाएगी` सभी धर्मों के लिए तलाक या विवाह के पश्चात अलग होने की प्रक्रिया सभी के लिए समान हो जाएगी` मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार मिल जायेगा` मुस्लिम महिलायें भी बच्चा गोद ले सकेगीं` मुस्लिम पुरुष एक से अधिक शादी नहीं कर सकेगा` मुस्लिम समाज में भी बेटों की तरह बेटियों को भी सम्पत्ति में हक मिल सकेगा` हिन्दुओं के अलग-अलग समुदायों में शादी के लिए अलग-अलग नियम और रीति-रिवाज है तथा उम्र भी अलग-अलग ली जाती है, यूसीसी आने से समानता देखने को मिलेगी` हिन्दू शादियों में तलाक के लिए कोई प्रावधान नहीं है यूसीसी आने से इनमे भी समरूपता दिखेगी` हिन्दू अविभाजित परिवार (ल्वत्रः) हिन्दुओं को कई विशेषाधिकार देतें है जैसे की आय पर कर के विषय में, यूसीसी आने से इसमें भी अन्य की तरह समानता दिखेगी` इनके अतिरिक्त हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई समेत सभी धर्मों में सिविल सम्बन्धी अपने नियम है जिसमे व्यापक भिन्नता दिखती है कही इसका लाभ तो कही इसकी बड़ी खामी दिखती है खासकर महिलाओं के अधिकारों को लेकर` ऐसे में यूसीसी के आने से सभी को बड़े स्तर पर न केवल लाभ मिलेगा बल्कि सामाजिक और आधुनिक आवश्यकता के अनुरूप समानता भी दिखेगी जिसका सकारात्मक प्रभाव दिखेगा। आखिर विरोध क्यों ?

# बच्चों का सहजता से नेतृत्व करें

**विजय गर्ग**

**घर बच्चे** की पहली पाठशाला होती है, जहाँ से बच्चे की सीखने की प्रक्रिया शुरू होती है। माता-पिता के बीच का रिश्ता बच्चे के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि बच्चे का चरित्र और भविष्य घर से ही बनता है। बच्चों का मासूम बचपन शत्रुता और ईर्ष्या से रहित, संघर्ष की छाया से परे होता है, तभी तो कहा जाता है, 'बच्चे दिल के सच्चे होते हैं!' मानस पर गहरा प्रभाव अक्सर घर में परिवार के सदस्य बच्चों के सामने घरेलू बातें करते रहते हैं। कभी-कभी ऐसी चीजें हो जाती हैंवे जाने-अनजाने बच्चे के मानस पर गहरा प्रभाव डालते हैं। इसलिए बच्चे के सामने घरेलू मामलों पर बात करने से बचना चाहिए क्योंकि बच्चे का मानसिक स्तर अभी पूरी तरह से विकसित हो रहा होता है।

बच्चे अकेले रहते हैं हाल के दिनों में संयुक्त परिवार टूट रहे हैं और छोटे परिवारों का दौर शुरू हो गया है। परिवार के सदस्यों का स्नेह कम हो गया है और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए परिवार छोटे होते जा रहे हैं, लेकिन इस अवधि का बच्चों के पालन-पोषण पर अधिक प्रभाव पड़ता है। छोटे परिवारों में अकेले बच्चे इसमें इसलिए रहते हैं क्योंकि अक्सर माता-पिता अपने काम में व्यस्त रहते हैं और बच्चे का पालन-पोषण ठीक से नहीं हो पाता है। एकांत में रहने के कारण बच्चा अंतमुर्खी हो जाता है।

वहीं, अगर बच्चा संयुक्त परिवार में रहेगा तो वह मिलनसार बनेगा और उसे रिश्तों की समझ आएगी। इस तरह वह बचपन से ही रिश्तों की अहमियत समझ जाएगा। नैतिक जिम्मेदारी बच्चे को एक अच्छा और नेक दिल इंसान बनाने के लिए माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को शत्रुता, ईर्ष्या जैसे नकारात्मक गुणों से दूर रखें।इसमें सबके प्रति प्रेम के रंग भरे जाने चाहिए। शत्रुता के कारण बच्चा प्रतिगामी सोच का स्वामी बन जाएगा।

सभी के प्रति प्रेम की भावना रखने से बच्चे के मन में आत्मविश्वास पैदा होगा। घर के वातावरण का प्रभाव कहते हैं 'जैसा अन्न वैसा मन'. इसी प्रकार घर में जैसा माहौल होगा, बच्चे का स्वभाव भी वैसा ही होगा। अगर घर का माहौल नकारात्मक है तो बच्चे का स्वभाव जिद्दी होगा और अगर घर का माहौल सकारात्मक है तो बच्चे का स्वभाव हंसमुख और मिलनसार होगा। माता-पिता की भूमिका बच्चेपालन-पोषण में माता-पिता की अहम भूमिका होती है।

# आजादी के आन्दोलन में नहीं थी आरएसएस की कोई भूमिकाः पीकृष्ण प्रसाद

## उप्र किसान सभा के राज्य प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र किसान सभा के राज्य प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन अखिल भारतीय किसान सभा के वित्त सचिव का पीकृष्ण प्रसाद ने कहा कि जाति और नफरत की राजनीति को पीछे धकेलते हुए भाईचारे और जनता में एकता मजबूत की जाये।

रविवार को उप्र किसान सभा के राज्य प्रशिक्षण शिविर सीतापुर के राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में चल रहा है। दूसरे दिन अखिल भारतीय किसान सभा के वित्त सचिव का पीकृष्ण प्रसाद ने कहा कि आजादी के आन्दोलन में हिन्दू महासभा, आरएसएस और मुस्लिम लीग ने कोई हिस्सा नहीं लिया था। उल्टे लोगों को बांटने का काम किया था। आजादी के बाद किसानों, मजदूरों और जनता की मांगें पूरी नहीं हुईं। आजादी के बाद जो कुछ मिला, उसे मोदी सरकार मिटाने में लगी है। तीन कृषि कानून और राशन प्रणाली को तबाह करने वाले कानून थे। पीकृष्ण प्रसाद ने कहा कि संगठन बनाना एक राजनैतिक कार्य है। वैचारिक, आर्थिक और राजनैतिक चेतना विकसित करने पर किसानों की समस्याओं को सही ढंग से चिन्हित किया जाये। चेतना से लैस और आन्दोलनों से तपकर निकले नेतृत्व ही संगठन बना सकता है। आने वाले दिनों में गांवों में किसानों की जनसमस्याओं को




लेकर आन्दोलन खडा किया जायेगा। किसान आन्दोलन के जरिये बदलाव का माहौल बनेगा। किसान सभा स्वतंत्र रुप से आन्दोलन को मजबूत करेगी। अन्य किसान संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त किसान आन्दोलन विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मोदी देश को बेंच रहे हैं। देश को बांटने का काम कर रहे हैं। एकता के बल पर किसान आन्दोलन ने मोदी सरकार को झुकाया है। इसमें किसान सभा की अहम भूमिका रही है। देश और किसानों को बचाने को मजबूती से किसान एकता को किसान सभा काम कर रही है। प्रदेश महामंत्री का मुकुट सिंह ने संचालन किया। दूसरे दिन प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता बाबूराम ने की। इस मौके पर पूरे देश से किसान सभा के तकरीबन सौ लोगों ने हिस्सा लिया। यहां के कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था की जिम्मेदारी किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्रा एड संभाले हुए हैं।

# जुगराज की अवैध कमाई से जब्त करें सम्पत्ति, तीन दशक में राजापुर का कोई ऐसा कोना नहीं है जहां उसकी जमीने न हों

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तीन दशकों से राजापुर कस्बे में नकली गुटखा का कारोबार करने वाले जुगराज केशरवानी को दबोचने में पुलिस ने बडी भूमिका निभाई है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की सूझबूझ से ही नकली गुटखा कारोबारी पुलिस के शिकंजे में आ सका है।

रविवार को पता चला कि राजापुर कस्बे में तीन दशक से ज्यादा समय से जुगराज केशरवानी नकली गुटखा का कारोबार चला रहा था। तीन दशकों में उसने करोडों रुपये की सम्पत्ति बनाई है। राजापुर में कोई ऐसा कोना व सडक नहीं है जहां जुगराज केशरवानी के प्लाट व जमीन न हो। अवैध कारोबार से उसने करोडों की सम्पत्ति बनाई है। पुलिस व प्रशासन को चाहिए कि उस पर गैंगेस्टर के तहत कार्यवाही कर अवैध ढंग से कमाई सम्पत्ति को भी जब्त किया जाये।

उसके दबोचने में पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की अहम भूमिका रही है। उन्होंने राजापुर पुलिस को अवैध गुटखा कारोबारी जुगराज केशरवानी के यहां छापेमारी की भनक तक नहीं लगने दी। सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में पुलिस टीम ने छापेमारी कर 35 लाख रुपये से ज्यादा की अवैध गुटखा सामग्री दबोचने में सफलता प्राप्त की है। राजापुर पुलिस को भनक लग जाती तो ये सफलता पुलिस के हाथ शायद न लगती।

# वन्देभारत का करें विस्तारीकरण: हरिशंकर गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने ट्विटर से रेलमंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, रेल सेवा समिति, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, मंडल रेल प्रबंधक झांसी को वंदे भारत ट्रेन को धार्मिक क्षेत्र चित्रकूटधाम से जोड़ने की मांग की है।

रविवार को उन्होंने कहा कि गोरखपुर-लखनऊ चारबाग वंदे भारत एक्सप्रेस का रैक लखनऊ चारबाग पर घंटो खड़ा रहता है। इस ट्रेन का रूट विस्तार लखनऊ चारबाग से उन्नाव, कानपुर सेंट्रल, हमीरपुर, भरूआ सुमेरपुर, बांदा होते हुए चित्रकूटधाम कर्वी तक किया जाए, ताकि एक साथ तीन तीर्थ नगरी गोरखपुर, अयोध्या, चित्रकूटधाम कर्वी से जुड़ सकें। बुंदेलखंड क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात होगी। जिला मंत्री लगातार पत्रों से धार्मिक क्षेत्र प्रभु श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूटधाम को प्रभु राम की जन्मभूमि अयोध्या से जोड़ने की मांग कर रहे हैं। इस ट्रेन के विस्तारीकरण से क्षेत्रवासियों को वंदे भारत की सौगात मिलेगी। यह रेल राजस्व बढ़ाने का भी कार्य होगा। यह ट्रेन लखनऊ में आठ घंटे 55 मिनट खड़ी रहती है, इसका विस्तारीकरण जरूरी है।

# शराब के नशे में मारी गोली, घायल, आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दो लोगों के बीच कहा-सुनी के चलते एक ने तमंचे से दूसरे पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में शिवा श्रीवास को गोली लगी है। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल शिवा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसे डॉक्टरों ने प्रयागराज रेफर किया है।

फायरिंग की ये घटना शनिवार की शाम कर्वी कोतवाली के मछली मंडी के पास हुई। बताया गया कि केदार सोनी और शिवा श्रीवास बैठे शराब पी रहे थे। शराब के नशे में कहा-सुनी होने पर गाली-गलौज शुरू हो गई। विवाद इस कदर बढा कि केदार ने तमंचे से शिवा श्रीवास पर फायरिंग कर दी। फायरिंग से उसके पेट में गोली लगी है।

गोली लगने से गंभीर रूप से घायल शिवा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के प्राथमिक उपचार के बाद उसे प्रयागराज रेफर कर दिया है। इलाज के बाद युवक खतरे से बाहर बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सदर हर्ष पाण्डेय व शहर कोतवाल तत्काल मौके पर पहुंचे। तमंचे से गोली चलाने वाले केदार सोनी को पुलिस ने तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी से पूंछताछ जारी है।

# कामदगिरि पर्वत से निकाला हजारों टन कचरा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में कामदगिरि स्वच्छता समिति के 77वें अभियान में हजारों टन कचरा कामदगिरि पर्वत से बाहर निकाला गया।

रविवार को नगर पालिका के ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने बताया कि कामदगिरि स्वच्छता समिति कामतानाथ पर्वत में लगातार स्वच्छता अभियान चला रही है। अभियान के तहत हजारों टन कचरा कामतानाथ पर्वत से बाहर निकाला गया। भगवान कामतानाथ पर्वत के किनारे हजारों टन कचरा जमा था, जो कभी साफ नहीं हुआ था। अभियान में धीरे-धीरे कचरे को बाहर निकाला गया। उनके निरंतर प्रयास जारी है। परिक्रमा भी साफ और स्वच्छ हो, इसके लिए गंभीरता से प्रयास हो रहे हैं। बारिश के कारण पर्वत से परिक्रमा मार्ग में मिट्टी आ रही है। इससे परिक्रमा की सफाई करने में दिक्कतें हो रही हैं। बारिश खत्म होते ही परिक्रमा मार्ग की पुनः सफाई की जायेगी।

खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता अभियान से आम जनता में जागरूकता आती है। प्रकृति को संरक्षण मिलता है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि एक स्वच्छ शरीर में स्वास्थ्य मन का निवास होता है। अपने आसपास स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें। आज के अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, सुमित केसरवानी, स्वच्छता प्रभारी जानकी प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद अग्रहरी, प्रेम नारायण त्रिपाठी, विनोद कुमार व नगर पालिका की टीम शामिल रही।

# केन्द्र व प्रदेश की योजनाओं का जनता को ज्यादा से ज्यादा मिले लाभः शैलेन्द्र प्रताप सिंह

## विशेषाधिकारी समिति ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक सदस्य विधान परिषद सभापति शैलेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समिति के सदस्य एमएलसी सीतापुर पवन कुमार सिंह, एमएलसी बरेली कुमार महाराज सिंह, एमएलसी चित्रकूट जितेन्द्र सिंह सेंगर की मौजूदगी में हुई।

रविवार को कलेक्टेज्ट सभागार में समिति के सभापति ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे हो, समिति समीक्षा कर रही है। सरकार की योजनाओं का लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर शिष्टाचार एवं उनके पत्रों पर कार्यवाही हो। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों बाबत प्रत्येक विभाग अलग से रजिस्टर तैयार कर दर्ज करें, क्या कार्यवाही हुई, उसे भी अंकित किया जाए। उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो रागी के बीज किसानों को दिये जा रहे हैं। सभापति ने उपनिदेशक कृषि से कहा कि किसानों की आय कैसे दोगुनी हो, इस पर कार्य की जरूरत है।

समिति के सदस्य एमएलसी पवन कुमार सिंह ने कहा कि शासनादेश में जनप्रतिनिधियों के साथ शिष्टाचार कैसे करना है, सभी के पास है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से कहा कि सभी विभागों में तय करें कि विभागीय योजनाओं में समस्याओं का निराकरण किया जाये। विशेषाधिकार समिति के कर्तव्यों को अधिकारियों को कार्य करने का दायित्व सौंपा है। जिलाधिकारी से कहा कि रामघाट एवं आरती स्थल, परिक्रमा मार्ग में अच्छी तरह से साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था कराई जाए। परिक्रमा मार्ग में मनोकामिनी, चंपा, रातरानी के पौधे रोपित किये जायें। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि परिक्रमा मार्ग से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। तार फेंसिंग करके पौधे लगाये जाएंगे।

समिति के सदस्य एमएलसी कुमार महाराज सिंह ने कहा कि सभी विभाग गंभीरता से कार्य करें। भारत सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूर क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिले। परियोजना निदेशक से कहा कि सांसद व विधायक निधि शासन से प्राप्त होने पर सदस्यगणों को पत्र से अवगत कराते हुए वार्ता भी करें।

समिति के सदस्य एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने जिलाधिकारी से कहा कि दौ सौ सैया अस्पताल खोह का संचालन करायें। बस स्टॉप का संचालन बेड़ीपुलिया से करायें। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजापुर की अधूरी बिल्डिंग का निर्माण कराकर चालू करायें। सर्किट हाउस के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर ने सभापति समेत समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि निर्देशों का अनुपालन कराया जाएगा। इसके पूर्व जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने सभापति समेत समिति के सदस्यों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक में विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर समेत संबंधित जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चैथी बार उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने अखिलेश पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के लगातार चैथी बार जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय बने हैं। कृषक इंटर कालेज भौंरी में पांच सौ शिक्षकों की मौजूदगी में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्य समिति के चुनाव निर्वाचन अधिकारी/मंडलीय मंत्री आशुतोष त्रिपाठी व पर्यवेक्षक देवेन्द्र श्रीवास्तव की देखरेख में हुए।

रविवार को कृषक इंटर कालेज भौंरी में हुए चुनाव में संरक्षक लवलेश सिंह, शिवऔतार सिंह, मुख्य सचेतक अशोक त्रिपाठी, बालेन्द्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक कुमार गर्ग, जिला मंत्री श्रीमती आराधना सिंह, संयुक्त मंत्री हरिशंकर तिवारी, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह, उपाध्यक्ष शकुन्तला वर्मा, कमलेश मिश्रा, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, अशोक



तिवारी, विजय शुक्ला, संगठन मंत्री रामकुमारी, गंगा प्रसाद शुक्ला, अतुल द्विवेदी बनाये गये। चैथी बार जिलाध्यक्ष बने अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि भ्रष्टाचार की लडाई में जनप्रतिनिधियों का सहयोग नहीं मिल रहा है। शिक्षक और लोकतंत्र के मीडिया से अनुरोध किया कि बेसिक शिक्षा को भ्रष्टाचार और उत्पीडन मुक्त बनाने में संगठन का सहयोग करें। नवनिर्वाचित जिला मंत्री अराधना सिंह ने कहा कि संगठन के इतिहास में पहला मौका है कि किसी शिक्षिका को जिला मंत्री का पद सौंपा गया है। ये सम्मान जिले की महिला शिक्षकों का है। सम्मान को बचाने को बढ-चढकर संगठन में हिस्सा लेंगी। नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने आभार जताया। इस मौके पर पांच सौ से ज्यादा शिक्षक मौजूद रहे।

# मन्दाकिनी में छोंडा जाएगा बांध का पानी, बुंदेली सेना ने सीएम शिवराज सिंह के प्रति जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पिंडरा पंचायत के चितौरहा गांव के पास 228 करोड़ की लागत से बन रहे बांध के अधिग्रहण और मुआवजे की कार्यवाही तेज हो गई है। तीन साल में बांध बनकर तैयार होगा। मन्दाकिनी नदी में बांध का पानी छोड़ा जाएगा। इस बांध के बनने से नदी में न तो तेज बाढ़ आएगी और न ही सूखे का संकट रहेगा।

रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि बारिश दौरान मझगंवा तक का पानी मन्दाकिनी नदी मे आता है। इसी बारिश के पानी को रोकने को पिंडरा के चितौरहा गांव में बांध बनाया जा रहा है। मप्र सरकार ने 228 करोड़ लागत से बांध बनाने की अवधि तीन साल तय की है। इस बांध से मझगंवा तहसील के 72 सौ हेक्टेयर क्षेत्रफल की सिंचाई होगी। समय-समय पर बांध का पानी मन्दाकिनी नदी में छोंडा जाएगा। बीच-बीच में पानी छोड़ने से नदी में बहाव बना रहेगा। प्रदूषण की समस्या काफी हद तक हल होगी। यकायक तेज आने वाली बाढ़ से भी राहत मिलेगी। इस बांध के मुआवजे और अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई है। पिडरा, देवलहा, इटोरहा समेत चार गांवों में यह प्रक्रिया एसडीओ जल संसाधन प्रदीप पांडेय की देखरेख में जारी है।

बुंदेली सेना ने बांध का काम शुरू होने पर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान के प्रति आभार जताया है। वर्ष पर्यन्त नदी में बहाव रहने की उम्मीद है।

# इं अनिमेष गुप्ता बने प्रभास महासभा राष्ट्रीय संरक्षक

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग ने सदर बाजार कर्वी के सिविल इंजीनियर अनिमेष कुमार गुप्ता को प्रभास महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के प्रस्ताव पर महासभा का राष्ट्रीय संरक्षक बनाया है।

रविवार को प्रभास महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव साधना मिश्रा, राष्ट्रीय प्रभारी रोहित कश्यप, कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार अग्रहरि आदि ने इं अनिमेष कुमार गुप्ता को माला पहनाकर स्वागत किया। नियुक्ति पत्र सौंपा। सभी पदाधिकारियों ने नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें बधाई दी। संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी रोहित कश्यप ने कहा कि प्रभास महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक के पद पर रहते हुए इं अनिमेष कुमार गुप्ता प्रभास महासभा को ऊंचाइयों पर ले जायेंगे। उनके संरक्षण में संगठन ज्यादा लोगों की सेवा कर पायेगा।

# दम्पति के विवाद को महिला थाना ने सुलझाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना की पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

रविवार को सीतापुर की नगीना पत्नी इमरान अली ने महिला थाने में सौंपे पत्र में कहा कि पति इमरान अली मारपीट करते हैं। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने शिकायतकर्ता की बातों को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, महिला सिपाही मोनिका तोमर, महिला सिपाही स्नेहा राजपूत शामिल रहे।

# बिछडे बालक को परिजनों को किया सुपुर्द

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जारी ऑपरेशन मुस्कान में चैकी परिक्रमा मार्ग पुलिस टीम ने परिक्रमा दौरान परिजनों से बिछड़े आठ वर्षीय बालक नैतिक पुत्र राकेश कुमार निवासी रैपुरा को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

ज्ञात है कि चैकी परिक्रमा मार्ग में तैनात सिपाही रविन्द्र राठौर को आठ जुलाई की शाम सात बजे परिक्रमा मार्ग में आठ वर्षीय बालक नैतिक मिला। वह परिजनों से बिछड़ गया था। सिपाही ने



सीसीटीवी फुटेज से बालक के परिजनों की पहचान की। पुलिस टीम ने बालक के परिजनों को पीली कोठी से पहले खोजकर उन्हें चैकी लाकर बालक नैतिक को चाची डॉ सुधा सिंह के सुपुर्द किया।

डॉ सुधा सिंह (उद्यान विभाग) पत्नी अंकित कुमार निवासी रैपुरा परिवार के साथ परिक्रमा लगा रही थीं। बालक के बिछड़ने की जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस की सक्रियता पर परिजनों ने पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम में चैकी प्रभारी राजेश चैरसिया, सिपाही रविन्द्र राठौर शामिल रहे।

# यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के 500 दिन 63 लाख शरणार्थी, पांच लाख से ज्यादा की मौत

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले के 500 दिन पूरे हो गए हैं। इस दौरान 63 लाख लोगों को अपना घर-परिवार छोड़कर शरणार्थी बनना पड़ा। साथ ही दोनों देशों के सैनिकों सहित पांच लाख से अधिक लोगों की मौत हो गयी। 23 फरवरी, 2022 की रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया था। 24 फरवरी की सुबह अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव और आसपास के शहरों में हवाई हमले होने लगे। रूस के इस हमले से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। यूक्रेन का साथ देने के लिए नाटो सदस्य देश खड़े हो गए। अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस समेत कई देशों ने युद्ध से बाहर रहते हुए यूक्रेन को मदद पहुंचानी शुरू कर दी। पांच सौ दिन बीत जाने के बाद भी युद्ध जारी है और दोनों देश इसका खमियाजा भुगत रहे हैं। इस युद्ध में लाखों लोगों को यूक्रेन छोड़कर जाना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के अनुसार यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण 63 लाख से अधिक यूक्रेनी नागरिक शरणार्थी बनने को विवश हुए हैं। यूक्रेनी शरणार्थियों की सबसे बड़ी आबादी रूस में है। रूस में 1,275,315 यूक्रेनी शरणार्थी हैं। इसके अलावा जर्मनी में 1,076,680, पोलैंड में 999,690, चेक गणराज्य में 350,455 और यूनाइटेड किंगडम में 206,700 यूक्रेनी शरणार्थी हैं। युद्ध के पांच सौ दिन



जानलेवा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए लोगों का कोई सटीक आंकड़ा तो नहीं है लेकिन माना जा रहा है कि युद्ध में पांच लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। नॉर्वे चीफ ऑफ डिफेंस की रिपोर्ट के अनुसार, इस युद्ध में 22 जनवरी, 2023 तक यूक्रेन के तीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके थे और यूक्रेन की सेना के एक लाख बीस हजार से ज्यादा जवान अपनी जान गंवा चुके थे। ये आंकड़े आने के बाद छह महीने बीत चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि ढाई लाख से अधिक यूक्रेनी सैनिकों या नागरिकों की जान जा चुकी है। संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार यूक्रेन में 9,083 नागरिक मारे गए हैं और 15,779 नागरिक घायल हुए हैं। यह एक अनुमानित आंकड़ा है और वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक होने की बात कही जा रही है। दावा किया जा रहा है कि यूक्रेन से ज्यादा रूसी सैनिकों की मौत हुई है। अमेरिका के आंकड़े बताते हैं कि 24 फरवरी, 2022 से 16 फरवरी, 2023 तक दो लाख से ज्यादा रूसी सैनिक या तो मारे जा चुके थे या फिर यूक्रेन में बंधक बनाए गए हैं। इसके अलावा करीब सात हजार से ज्यादा रूस का साथ देने वाले यूक्रेनियन अलगाववादी भी मारे जा चुके हैं। दोनों तरफ से दो लाख से ज्यादा जवान और नागरिक लापता थे। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 5 जुलाई तक 231,700 रूसी सैनिकों की मौत हो चुकी है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार युद्ध के पहले वर्ष में कुल 2 लाख रूसी सैनिक हताहत हुए थे। अप्रैल में लीक हुए अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी के आंकलन के अनुसार रूस के कुल मिलाकर 189,500 से 223,000 लोग हताहत हुए हैं, जिसमें 35,500 से 43,000 लोग मारे गए और 154,000 से 180,000 घायल हुए।

## पाकिस्तान में सैन्य अधिकारियों और नागरिकों का डेटा लीक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस ऐंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी पर प्रमुख सैन्य अधिकारियों और नागरिकों का डेटा लीक करने का संगीन आरोप लगा है। संसद की लोक लेखा समिति ने आंतरिक मंत्रालय को डेटा के उल्लंघन की संयुक्त जांच करने का



निर्देश दिया है। संसद की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष एमएनए नूर आलम खान ने कहा कि जांच टीम में पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण, संघीय जांच एजेंसी और सैन्य खुफिया एजेंसी को भी जांच में शामिल किया जाना चाहिए। खान ने कहा है कि हर किसी का निजी डेटा इंटरनेट पर उपलब्ध है। उन्होंने सवाल किया कि यह कैसे लीक हुआ? खान ने अथॉरिटी को डेटा को ऑनलाइन ब्लॉक करने का निर्देश दिया।

संसद की लोक लेखा समिति ने धार्मिक मामलों के मंत्रालय से संबंधित वर्ष 2019-20 के लिए ऑडिट आपत्तियों की समीक्षा करने के लिए गुरुवार को बुलाई गई बैठक में यह खुलासा किया। बैठक में कहा गया है कि डेटा लीक के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को जवाबदेह ठहराया जाए और उन्हें सार्वजनिक किया जाए।

## सूडान के ओमडुरमैन शहर में हवाई हमला, 22 लोगों की मौत

**खार्तूम।** सूडान के प्रतिद्वंद्वी जनरलों के बीच संघर्ष जारी है। इसी बीच राजधानी खार्तूम से सटे ओमडुरमैन शहर में हुए हवाई हमले में 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक यह हवाई हमला शहर ओमडुरमैन के एक रिहायशी इलाके में हुआ।

स्थानीय लोगों के मुताबिक आरएसएफ ने ओमडुरमैन के रिहायशी इलाकों पर हुए हवाई हमले के लिए सेना को जिम्मेदार ठहराया। यह हवाई हमला राजधानी के शहरी इलाकों और सूडान के अन्य इलाकों पर सेना और पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच चली आ रही घातक झड़पों में से एक है।


उल्लेनखीय है कि पिछले महीने खार्तूम में हुए एक हवाई हमले में 5 बच्चों सहित 17 लोगों की मौत हुई थी।

## नेपाल में समाजवादी मोर्चा का अध्यक्ष पद बारी-बारी से 6-6 महीने तक संभालने पर सहमति

**काठमांडू।** नेपाल में समाजवादी मोर्चा की अध्यक्षता हर 6 महीने में संबद्ध दलों के नेताओं द्वारा की जाएगी। मोर्चा के गठन के बाद हुई बैठक में अध्यक्ष पद बारी-बारी से 6-6 महीने तक संभालने पर सहमति बनी है। मोर्चे में शामिल सीपीएन यूनिफाइड समाजवादी (यूएस) के नेता राजेंद्र पांडे ने बताया कि हर 6 महीने में अध्यक्ष बदलने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि 12 जुलाई को होने वाली बैठक में लिखित निर्णय लिया जायेगा। समाजवादी मोर्चे में पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी सेंटर), उपेन्द्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी, माधव कुमार नेपाल के सीपीएन (यूनिफाइड समाजवादी) और नेत्र विक्रम चंद बिप्लव के नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी शामिल हैं। फ्रंट का गठन 19 जून को हुआ था। नेपाल की संसद में समाजवादी मोर्चा पार्टियों के 54 सांसद हैं। प्रचंड ने कहा है कि मोर्चा का गठन भविष्य में एक पार्टी बनाने के लक्ष्य से किया गया है।

## विदेशी राजनयिकों ने उत्तरी वेस्ट लैंड के जेनिन शरणार्थी शिविर का दौरा किया

जेनिन। विदेशी राजनयिकों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उत्तरी वेस्ट बैंक के शहर जेनिन का दौरा। प्रतिनिधिमंडल ने यहां के शरणार्थी शिविर का निरीक्षण किया। इस सप्ताह की शुरुआत में यहां बड़े पैमाने पर इजरायली सैन्य हमले हुए हैं। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी ने तीस राजनयिकों को यहां का जायजा लेने भेजा। राजनयिकों ने शरणार्थी शिविर का दौरा कर इजरायली हमले में तबाह घरों और बुनियादी ढांचे को देखा। इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल फिलिस्तीन में यूरोपीय



संघ के प्रतिनिधि स्वेन कुन वॉन बर्ग्सडॉर्फ ने संवाददाताओं से कहा शरणार्थी शिविर के मौजूदा हालात पर राजनयिक मिशनों की सभी राजधानियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर हाल में विशेषकर बच्चों और परिवारों की रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने फिलिस्तीनी प्राधिकरण को वित्तीय और राजनीतिक सहायता प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। ताकि वह जेनिन और उसके शिविर में प्रभावी ढंग से काम कर सके। इस पर इजरायल ने कठोर टिप्पणी की है। उसने कहा है कि जेनिन को आतंकवाद की शरणस्थली नहीं बनने देगा।

## प्रधानमंत्री प्रचंड की चीन यात्रा की तैयारियां जोरों पर: सऊद

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने शनिवार को बताया कि सितंबर महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड की प्रस्तावित चीन यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रचंड की इस यात्रा के मद्देनजर नेपाल के योजना आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. मीन बहादुर श्रेष्ठ शनिवार को बीजिंग पहुंचे। इस दौरान वह ग्लोबल फोरम फॉर शेयर डेवलपमेंट के कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। योजना आयोग के मुताबिक श्रेष्ठ की रविवार को चीन के उप विकास मंत्री डेफ वोइंग और मंगलवार को उप राष्ट्रपति हान शेफ के साथ औपचारिक बैठक होगी। वह मंगलवार रात को काठमांडू लौटेंगे।

इससे पहले नेपाल के कई उच्च अधिकारी भी चीन का दौरा कर चुके हैं। उप प्रधानमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ अपनी चीन यात्रा पूरी कर दो जुलाई को काठमांडू लौटे। उन्होंने कहा कि चीन की दिलचस्पी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में ज्यादा है।

नेपाल की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष गणेश प्रसाद तिमिल्सिना के नेतृत्व में नेपाली सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल जून महीने में चीन के दौरे पर गया था। चीन के अधिकारी भी बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं के मद्देनजर नेपाल का लगातार दौरा कर रहे हैं।

## नेपाल में प्रचंड के समाजवादी मोर्चा में शामिल नहीं होंगे भट्टराई

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल समाजवादी पार्टी (एनएसपी) के अध्यक्ष डॉ. बाबूराम भट्टराई नवगठित समाजवादी मोर्चा में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि मोर्चा का मकसद सत्ता के इर्द-गिर्द घूमता है। भट्टराई ने आज इस बारे में ट्वीट कर नाराजगी भी जताई है कि उन्हें नजरअंदाज कर मोर्चा का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और यूएमएल के साथ सौदेबाजी करके सत्ता में बने रहने के लिए प्रचंड की पहल पर इस मोर्चा का गठन किया गया। उल्लेखनीय है कि 19 जून को प्रचंड की सीपीएन (माओवादी सेंटर), उपेन्द्र यादव की जनता समाजवादी पार्टी, माधव नेपाल की सीपीएन यूनिफाइड सोशलिस्ट और विप्लव की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ने समाजवादी मोर्चा बनाया है। आठ जुलाई से मोर्चा की





***भट्टराई ने आज इस बारे में ट्वीट कर नाराजगी भी जताई है कि उन्हें नजरअंदाज कर मोर्चा का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और यूएमएल के साथ सौदेबाजी करके सत्ता में बने रहने के लिए प्रचंड की पहल पर इस मोर्चा का गठन किया गया।***

गतिविधियां तेज हो गई हैं। डॉ. भट्टराई समाजवादी मोर्चा के गठन के प्रचारक थे। हालांकि, उन्होंने मार्च में हिस्सा नहीं लिया। भट्टराई की पार्टी ने माओवादी सेंटर के साथ मिलकर 2022 का संसदीय चुनाव लड़ा था । उनके पास संसद में केवल एक सीट है। भट्टराई ने गोरखा में प्रचंडके लिए सीट खाली कर दी थी। हाल ही में प्रचंड से उनकी दूरियां बढ़ी हैं।

## टोरंटो में भारतीय दूतावास के सामने खालिस्तान समर्थकों ने किया तिरंगे का अपमान



**टोरंटो।** कनाडा के प्रांत ओंटारियो की राजधानी टोरंटो में खालिस्तान समर्थकों ने आठ जुलाई को भारत के खिलाफ जमकर गुस्सा निकाला। इन लोगों भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के वायरल वीडियो में खालिस्तान समर्थक भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को चप्पलों से रौंद रहे हैं। इन लोगों का भारतीय समुदाय ने कड़ा मुकाबला किया। वह राष्ट्रीय ध्वज को लहराते हुए वहां पहुंच गए। खालिस्तान समर्थकों ने फ्रीडम रैली के दौरान यह घिनौनी हरकत की। इस फ्रीडम रैली की घोषणा कुछ दिन पहले की गई थी। इस पर कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा था कि यह अस्वीकार्य है। हम भारतीय अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में हैं। हम वियना कन्वेंशन से बंधे हुए हैं। हम अपने इस दायित्व को लेकर गंभीर हैं।

## 21 जुलाई को भारत दौरे पर आएंगे श्रीलंका के राष्ट्रपति, पीएम मोदी से मिलने की उम्मीद

**जेनिन।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। इस दौरान उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यहां रविवार को यह जानकारी दी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति

द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं

क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

तैयारियों पर काम करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत में श्रीलंका पहुंचेंगे।

**विक्रमसिंघे की पीएम मोदी से मुलाकात की उम्मीद**



अधिकारियों के मुताबिक, विक्रमसिंघे के भारत की दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि विक्रमसिंघे नई दिल्ली रवाना होने से पहले द्वीपीय देश में बिजली और ऊर्जा, कृषि और समुद्री मुद्दों से संबंधित कई भारतीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन को अंतिम रूप देंगे।

**राष्ट्रपति के साथ ये मंत्री भी आएंगे-** रिपोर्ट में कहा गया है कि मत्स्य पालन मंत्री डगलस देवानंद, बिजली और ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकरा, विदेश मंत्री अली साबरी और राष्ट्रपति स्टाफ सगला रत्नायके राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के साथ भारत आएंगे। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की प्रस्तावित भारत यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब श्रीलंका की दिवालिया अर्थव्यवस्था में सुधार के अस्थायी संकेत दिख रहे हैं।

**आईएमएफ के उप प्रबंधक ने किया था द्वीप राष्ट्र का दौरा**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के उप प्रबंधक निदेश केंजी ओमाकुरा ने इस साल जून में श्रीलंका का दौरा करने के बाद कहा था, नीतिगत कार्यों के कुछ हद तक क्रियान्वयन के कारण द्वीप राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में सुधार के अस्थायी संकेत दिखाई दे रहे हैं। विक्रमसिंघे ने देश की अर्थव्यस्था को पुनर्जीवित करने के लिए दर्दनाक सुधारों की शुरुआत की है। पिछले साल अप्रैल के मध्य में पहली बार ऋण चूक की घोषणा करने वाले देश को इस साल मार्च में आईएमएफ से 2.9 अरब डॉलर का बेलआउट मिला था।

## नेतन्याहू सरकार के लाए न्यायिक सुधार विधेयक पर मतदान से पहले देश में प्रदर्शन, लाखों लोग सड़क पर उतरे

**जेनिन।** इस्राइल के न्यायिक सुधार विधेयक पर मतदान होने से पहले ही देशभर में विरोध-प्रदर्शन तेज हो गया है। तेल अवीव सहित अन्य शहरों में प्रदर्शन किए गए। लोकल मीडिया के मुताबिक, हजारों लोग अलग-अलग शहरों में प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि न्यायिक सुधार कानून न्यायिक प्रणाली को खत्म करने की सरकार की योजना है।

इस्राइल में डेढ़ लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इनमें से एक लाख 40 हजार लोग अकेल तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में पहली बार लोग बाहर आए हैं। यह विरोध ऐसे समय में हुआ है, जब सोमवार को नेतन्याहू सरकार की न्यायिक सुधार नीति के तहत कोर्ट की शक्तियां काफी कम करने वाले विधेयक को राष्ट्रीय विधायिका नेसेट में पढ़ा जाना है।

केंद्र, वामपंथी और यहां तक कि दक्षिणपंथी नागरिकों, सैन्य रिजर्व और राजनीतिक दलों द्वारा छह महीने से कड़ा विरोध जताया



जा रहा है। विरोध को देखते हुए इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने न्यायिक सुधार को पारित करने के अपने प्रयासों को नवीनीकृत किया है।

जून के अंत में, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अपनी सरकार के प्रस्तावित न्यायिक सुधार के सबसे विवादास्पद पहलुओं में से एक नेसेट को सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को पलटने की अनुमति देने वाला प्रावधान हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के अलावा नेसेट की शक्ति पर इस्राइल का कोई नियंत्रण नहीं है।

## जेलेंस्की ने तुर्की से कमांडर वापस बुलाए; भड़का मॉस्को, समझौता तोड़ने का आरोप

**कीव।** रूस-यूक्रेन को एक साल से अधिक का समय हो गया है। युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की तुर्की की यात्रा से वापस लौट आए हैं। वह गैरीसन के पूर्व पांच कमांडरों को भी अपने साथ लाए हैं। इसी पर तिलमिलाए रूस ने पिछले साल किए गए कैदी विनिमय सौदे की शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शनिवार को कहा कि अंकारा ने विनिमय समझौते के तहत लोगों को तुर्की में रखने का वादा किया था। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि सौदे के अनुसार मॉस्को को इस कदम के बारे में सूचित किया जाना चाहिए था, जबकि तुर्की ने ऐसा नहीं किया।